प्रसारित - आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

साप्ताहिक

मोर्निंग सिटी

सच के साथ...

वर्ष - 11, अंक - 36 , 15 नवम्बर से 21 नवम्बर, 2026 मूल्य- 10 रुपये । पृष्ठ 8

यूपी का सर्वश्रेष्ठ न्यूज प्लेटफॉर्म

मोर्निंग सिटी





उत्तर भारत में बदलेगा मौसम का मिजाज, बूंदाबादी के आसार

दिल्ली-यूपी समेत कई राज्यों में देखने मिलेगा बारिश, आंधी-तूफान और तेज हवाओं का दौर

बंगाल की खाड़ी में सक्रिय हो चुका है सुस्पष्ट निम्न दाब क्षेत्र

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश के कई राज्यों में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के मुताबिक, 15 से 20 नवंबर के बीच उत्तर-पश्चिम भारत के पहाड़ी और मैदानी इलाकों से लेकर पूर्वी भारत तक बारिश, आंधी-तूफान और तेज हवाओं का दौर देखने को मिलेगा।

16 से 17 नवंबर के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश में और 14 से 17 नवंबर के दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश में घना कोहरा छाए रहने की प्रबल संभावना है। 15 नवंबर को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर-लद्दाख-गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद में कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना है। इसका असर मैदानी राज्यों पर भी दिखेगा। दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी राजस्थान में बारिश हो सकती है।

बंगाल की खाड़ी में बन रहा चक्रवाती तूफान

दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना निम्न दाब क्षेत्र 14 नवंबर को सुबह 05:30 बजे (आईएसटी) तक उसी क्षेत्र में एक सुस्पष्ट निम्न दाब क्षेत्र में तब्दील हो गया है और सुबह 08:30 बजे (आईएसटी) तक वहीं बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार, इसके उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने और अगले 24 घंटों के दौरान उसी क्षेत्र में एक अवदाब में बदलने की प्रबल संभवना है। इसके बाद यह उत्तर-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए लगभग 16 नवंबर की शाम तक दक्षिण बंगाल की खाड़ी के मध्य भागों और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान में और अधिक तीव्र हो सकता है। इसरो के इनसैट-3डीएस सैटेलाइट ने अंडमान सागर के ऊपर बादलों की तेज गतिविधियों को कैप्चर किया है। यहां कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है, जिससे नए चक्रवात बनने की आशंका है। चक्रवात बना तो इसका नाम 'अकवान' रखा जाएगा। यह नाम ईरान ने सुझाया है।

बारिश के साथ तेज हवाएं चलने की भी चेतावनी

15 नवंबर को पूर्वी राजस्थान में भी हल्की बरसात के आसार हैं। बारिश के साथ तेज हवाएं चलने की भी चेतावनी जारी की गई है। 15 नवंबर को उत्तराखंड, पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी राजस्थान में 30 से 40 किमी प्रति घंटा की गति से हवाएं चलने की संभावना है। इस दौरान राजस्थान के दोनों हिस्सों में आंधी और बिजली गिरने की भी आशंका बनी रहेगी।

पूर्वी भारत में भारी बारिश की चेतावनी

पूर्वी भारत में मौसम का असर ज्यादा व्यापक रहेगा। 15 से 20 नवंबर के दौरान अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में और 19-20 नवंबर को ओडिशा के बड़े हिस्से में व्यापक बारिश होने के आसार हैं। 15 से 16 नवंबर तक अंडमान-निकोबार में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा 15-16 नवंबर को उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम, 18-20 नवंबर को गंगा के मैदानी पश्चिम बंगाल, 19-20 नवंबर को झारखंड और 18 नवंबर को ओडिशा में छिटपुट बारिश की संभावना है।



जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में कई जगह बर्फबारी

जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में कई जगह बर्फबारी के बाद बड़ी संख्या में टूरिस्ट मनाली पहुंच रहे हैं। इसके चलते चंडीगढ़-मनाली हाईवे पर ट्रैफिक जाम लग गया। उत्तराखंड के 7 जिलों में आज बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम में बदलाव के बीच दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण से राहत नहीं मिली है। यहां हवा की गुणवत्ता लगातार गंभीर कैटेगरी में बनी हुई है। शनिवार सुबह दिल्ली के आईटीओ इलाके में एक्यूआई 414 दर्ज किया गया। वहीं, गुरुग्राम में यह 324 रहा।

खबर संक्षेप

रामलीला मैदान में प्रदर्शन के बने नए नियम

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने रामलीला मैदान में प्रदर्शन और रैली के लिए नए नियम तय किए हैं। इसमें 50 हजार लोगों से ज्यादा लोग शामिल नहीं हो सकेंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सात घंटे ही हो सकेंगे। आयोजकों को कम से कम 10 दिन पहले आवेदन देना होगा, जिसमें उन्हें नगर निगम दिल्ली से परमिशन भी लेनी होगी। आयोजकों को ट्रैफिक व्यवस्था और पार्किंग के लिए पुलिस के साथ तालमेल करना होगा। सड़क, फुटपाथ या इमरजेंसी वाले रास्ते बंद करने की अनुमति नहीं होगी।

असमः 60 करोड़ की ड्रग्स बरामद



गुवाहटी। असम में नशे के कारोबार के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों को बड़ी कामयाबी मिली है। असम राइफल्स और डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस(डीआरआई) सिलचर की संयुक्त टीम ने कछार जिले के बोरखोला इलाके में कार्रवाई करते हुए एक वाहन को रोका। इस वाहन से डब्लूवाई टैबलेट की बड़ी खेप बरामद की गई है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 60 करोड़ रुपये है।

तमिलनाडु के तनिष्क शोरूम में करोड़ों की लूट

चेन्नई। तमिलनाडु के मदुरई में तनिष्क शोरूम में हुई करोड़ों रुपये की लूट के मामले में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दरअसल, मदुरई के बायपास रोड पर स्थित तनिष्क शोरूम में यह चोरी हुई थी। गुरुवार सुबह जब कर्मचारी शोरूम पहुंचे तो उन्हें डिस्प्ले में रखी ज्वेलरी गायब मिली. इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के मुताबिक, शोरूम से 11.465 किलो सोना चोरी हुआ था। इसकी कीमत करीब 16 करोड़ रुपये बताई गई। इसके अलावा करीब 15 करोड़ रुपये के हीरे के गहने भी चोरी हुए थे।

शेख हसीना की वापसी के लिए भारत ने बांग्लादेश के सामने रखीं दो शर्तें

'बांग्लादेशी सेना सुरक्षित लेकर जाए और फांसी के खिलाफ अपील का मौका मिले'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली/ढाका

शेख हसीना की वापसी के लिए भारत ने बांग्लादेश के सामने दो शर्तें रखी हैं। बीबीसी बांग्ला ने बताया है कि भारत चाहता है कि ढाका हसीना को वापस लाने के लिए सैन्य विमान भेजे। साथ ही भारत की इच्छा है कि हसीना को अपनी मौत की सजा के खिलाफ अपील और नए सिरे से मुकदमे लड़ने का मौका मिले, जिसका वादा बांग्लादेश की मौजूदा सरकार करे। भारत ने शेख हसीना की बांग्लादेश वापसी के लिए कम से दो शर्तें स्पष्ट तौर पर रखी हैं।

रिपोर्ट कहती है कि अब तक भारत ने हसीना के मुद्दे पर किसी रियायत का इशारा नहीं दिया था लेकिन अब वह उनकी वापसी के लिए रास्ता बनाने की कोशिश में हैं। दरअसल हसीना का लगातार भारत में रहना और ढाका की ओर से इसे बड़ा मुद्दा बनाना दिल्ली को असहज कर रहा है। इससे बांग्लादेश-भारत के द्विपक्षीय संबंधों में तनाव आया है। शेख हसीना ने बीते कुछ महीनों में खुद ये कहा है कि वह बांग्लादेश लौटने की तैयारी कर रही हैं। कुछ समय पहले उन्होंने बताया था कि वह दिसंबर में ढाका वापस जाने की योजना बना रही हैं। उन्होंने अभी तक कोई निश्चित तारीख नहीं बताई है लेकिन ये कहा है कि वह इसी साल ढाका लौट जाएंगी और वहां जो भी स्थिति बनेगी, उसका सामने करेंगी।

बांग्लादेश सरकार ने अपनी पूर्व प्रधानमंत्री की फिर की है प्रत्यर्पण की मांग

बांग्लादेश सरकार ने बीते दो सालों में बार-बार भारत से अपनी पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को वापस सौंपने की मांग की है। मोहम्मद यूनुस के अंतरिम प्रशासन और अब तारिक रहमान सरकार ने हसीना के प्रत्यर्पण को बड़ा मुद्दा बनाया है। शेख हसीना ने कहा है कि वह इसी साल ढाका वापस जाएंगी लेकिन दिल्ली ने इस मुद्दे पर बहुत सीमित बयानबाजी की है। भारत अब कथित तौर पर शेख हसीना की वापसी में मदद के लिए तैयार है लेकिन इसके लिए वह तारिक रहमान सरकार से कुछ भरोसा चाहता है।

हसीना के लिए क्या है खतरा

शेख हसीना ढाका लौटने की बात कह रही हैं और दिल्ली भी चाहती है कि उनके मुद्दे का हल निकले लेकिन ये मामला इतना सीधा नहीं है। शेख हसीना की गैरमौजूदगी में उनको ढाका की एक अदालत मौत की सजा सुना चुका है। ये सजा जुलाई, 2024 के विद्रोह में हुई हत्या के मामले में हुई है। हसीना पर फिलहाल बांग्लादेश में 50 से ज्यादा मुकदमे चल रहे हैं। इनमें कई मुकदमे हत्या और दूसरे गंभीर आरोपों के हैं। वहीं उन पर कुछ और मामलों में भी मौत जैसी सजा का खतरा है। वहां ढाका लौटने पर उनको बाकी उस जेल में बिताने या फांसी जैसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है।

हसीना ने पासपोर्ट के लिए किया आवेदन

हसीना ने 9 नवंबर को नए पासपोर्ट और यात्रा दस्तावेजों के लिए आवेदन किया था। भारत आने के बाद बांग्लादेश सरकार से उनका यह पहला आधिकारिक संपर्क था। हालांकि, ढाका ने कहा था कि अगर वे सच में अपने देश लौटना चाहती हैं, तो उन्हें भारत सरकार से संपर्क करना चाहिए। दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत उनकी वापसी की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है।



यह है दो शर्तें

पहली शर्तः भारत सरकार चाहती है कि बांग्लादेश सेना हसीना को वापस लाने की जिम्मेदारी ले और उन्हें सैन्य विमान से वापस लाया जाए। यह व्यवस्था वैसी ही होगी, जैसी 5 अगस्त 2024 को उनको ढाका से दिल्ली आने के समय थी। वह बांग्लादेश के सैन्य विमान से भारत आई थीं।

दूसरी शर्तः दिल्ली चाहती है कि बांग्लादेश सरकार हसीना को अपनी मौत की सजा के खिलाफ अपील करने का मौका दे। साथ ही जुलाई 2024 के प्रदर्शनों में हत्याओं से जुड़े मामलों पर नए सिरे से मुकदमा चलाया जाए, जिसमें शेख हसीना कोर्ट में अपना पक्ष रख सकें।

80 साल बाद एक मंच पर होंगी तीन महाशक्तियां!

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका, चीन और रूस के राष्ट्राध्यक्ष बना रहे योजना



अमेरिका, चीन और रूस के राष्ट्राध्यक्ष चीन के तकनीकी केंद्र शेनझेन में अगले सप्ताह होने वाले एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन से इतर मुलाकात करने की योजना बना रहे हैं। 1945 के बाद यह पहली बार है, जब दुनिया की तीन शीर्ष महाशक्तियां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक साथ एक ही बैठक में शामिल होने जा रहे हैं। हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि इस मुलाकात से किसी बड़ी सफलता की उम्मीद कम है और इसका महत्व ठोस नतीजों से ज्यादा प्रतीकात्मक होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की इस बैठक की शुक्रवार को पुष्टि की। यह मुलाकात ऐसे समय हो रही है, जब तीनों देशों के बीच संबंध कई चुनौतियों से गुजर रहे हैं। ट्रंप ने पिछले साल अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध पर अस्थायी विराम के बाद शी के साथ संबंधों को गर्मजोशी से आगे बढ़ाया है। वहीं, उन्होंने रूस के साथ भी रिश्ते सुधारने की कोशिश की है, जबकि पुतिन यूक्रेन के खिलाफ युद्ध जारी रखे हुए हैं और ईरान के साथ रूस का सैन्य एवं कूटनीतिक सहयोग बढ़ा है। ट्रंप का कहना है कि इस बैठक में ईरान के साथ अमेरिका के युद्ध और तीनों देशों के परमाणु हथियारों के जखीरे को लेकर समझौते पर चर्चा हो सकती है।

1945 का याल्टा सम्मेलन

इस बैठक की तुलना 1945 के 'याल्टा सम्मेलन' से भी की जा रही है, जिसमें अमेरिका, ब्रिटेन और सोवियत संघ के नेताओं ने युद्ध के बाद जर्मनी के विभाजन की योजना बनाई थी। हालांकि, रूस के राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने इस तुलना को खारिज करते हुए कहा कि लेनदेन में होने वाले किसी भी समझौते को दूसरे देशों पर थोपा नहीं जा सकता। उन्होंने आपसी सम्मान और साझा हितों पर आधारित वैश्विक व्यवस्था की जरूरत पर जोर दिया।

माइक्रोसॉफ्ट की सभी सेवाएं बहाल कंपनी ने रुकावट के लिए माफी मांगी

नई दिल्ली

'आउटलुक' ईमेल समेत माइक्रोसॉफ्ट की विभिन्न सेवाओं में वैश्विक स्तर पर आई व्यापक बाधा के बाद कंपनी की सभी सेवाएं शनिवार को बहाल हो गई और उसने सेवाएं बाधित होने से हुई परेशानी के लिए गहरा खेद जताया।

कंपनी कहा कि नेटवर्क की क्षमता बढ़ाने के दौरान आई तकनीकी समस्या के कारण सेवाएं प्रभावित हुई थीं। माइक्रोसॉफ्ट के सेवा स्थिति पेज पर शनिवार सुबह बताया गया कि माइक्रोसॉफ्ट 365 के कारोबारी और बड़ी कंपनियों के ग्राहकों के साथ-साथ आम उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध सभी सेवाएं सामान्य रूप से काम कर रही हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, इस घटना के कारण हमारे ग्राहकों और साझेदारों को हुई परेशानी के लिए हमें बेहद खेद है। हम जानते हैं कि वे हमारी सेवाओं पर कितना भरोसा करते हैं और हम इस जिम्मेदारी को बहुत गंभीरता से लेते हैं।

दुनियाभर में प्रभावित रही सेवाएं



सामान्य रूप से काम कर रही सेवाएं : माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि उसकी सेवाएं लगातार सामान्य रूप से काम कर रही हैं और समस्या की गंभीरता को देखते हुए कंपनी लंबे समय तक इस पर नजर रखेगी। कंपनी ने कहा कि वह सेवाएं बाधित रहने के दौरान जमा हुए लंबित ईमेल पर भी नजर रख रही है और सभी ईमेल का निपटारा सुनिश्चित करने के बाद ही कंपनी समस्या को पूरी तरह सुलझा हुआ मानेगी।

बागेश्वर धाम में तनाव के बाद बढ़ाई गई सुरक्षा

छतरपुर। मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा भगवान कृष्ण के बारे में की गई विवादित टिप्पणी को लेकर उपजे विवाद के बीच शनिवार को धाम के आसपास पुलिस बल तैनात किया गया। शास्त्री के समर्थकों का शुक्रवार को अखिल भारतीय यादव महासभा के सदस्यों के साथ आमना-सामना हो गया था। यादव महासभा के सदस्य शास्त्री की टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन करने पहुंचे थे।

इस दौरान शास्त्री के समर्थकों ने एक राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा दिया था। बागेश्वर धाम जिला मुख्यालय से लगभग 24 किलोमीटर दूर स्थित है। बागेश्वर धाम के आसपास पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इसे लेकर कोई अन्य अर्थ नहीं निकाला जाना चाहिए। शनिवार और मंगलवार को बड़ी संख्या में हनुमान भक्त धाम पहुंचते हैं, इसलिए इन दिनों सामान्य तौर पर पुलिस बल की तैनाती की जाती है।

'अब देश में लोकतंत्र नहीं बचा' भारत समिट में सरकार पर बरसे राहुल

एजेंसी ▸▸ हैदराबाद

तेलंगाना सरकार द्वारा आयोजित 'भारत शिखर सम्मेलन' को किया सम्मेलन



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि भारत अब वास्तव में लोकतंत्र नहीं रहा।

गांधी ने यहां तेलंगाना सरकार द्वारा आयोजित 'भारत शिखर सम्मेलन' को संबोधित करते हुए सवाल किया कि अगर निर्वाचन आयोग 14 करोड़ मतदाताओं को अवैध घोषित कर देता है, तो चुनाव वैध कैसे हो सकता है? उन्होंने कहा, 'दुनिया भर में लोकतांत्रिक आंदोलन के लिए यह जरूरी है कि भारत एक लोकतंत्र बना रहे, लेकिन हमने जो पाया है और साबित किया है, वह यह है कि भारत अब वास्तव में लोकतंत्र नहीं रहा।' गांधी ने कहा कि 2014 में कांग्रेस ने एक बिल्कुल नया चुनाव देखा, जिसमें राजनीतिक व्यवस्था के भीतर लाखों डॉलर लगाए गए और एक बिल्कुल अलग तरह का प्रचार अभियान चलाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पाया कि भारत में 2014 में लोकतंत्र नष्ट हो गया था।

गिग वर्कर्स की बाइक रैली में हुए शामिल

यहीं हैदराबाद में राहुल शनिवार को गिग वर्कर्स की बाइक रैली में भी शामिल हुए। इस दौरान वह एक महिला गिग वर्कर की स्कूटी पर पीछे बैठे नजर आए। रैली में उन्होंने वर्कर्स से कहा- , भाजपा अरबपतियों को फायदा पहुंच रही है। हम आपको मजदूर नहीं, पार्टनर बनाना चाहते हैं।

फासीवादी ज्यादा जोर से बोलते हैं

राहुल गांधी ने कहा कि फासीवादी लोग ज्यादा जोर से बोलते और चिल्लाते हैं, जबकि बहुसंख्यक लोग दूसरों की बात सुनते हैं, ध्यान देते हैं और चिंतन करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि इसी वजह से फासीवादी लोगों की आवाज ज्यादा तेज सुनाई देती है। राहुल गांधी ने कहा कि वह खुद उन लोगों की श्रेणी में आते हैं, जो दूसरों की बात सुनते हैं, संवेदनशील होते हैं और खुद को भगवान या हर सवाल का जवाब जानने वाला नहीं मानते।

विदेशी प्रतिनिधियों से माफी मांगी

राहुल गांधी ने हैदराबाद में 'भारत शिखर सम्मेलन' में शामिल न हो पाने वाले विदेशी प्रतिनिधियों से माफी मांगी और आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने उन्हें इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि इससे संकेत मिलता है कि 'भारत में हमें किस तरह के हालात का सामना करना पड़ रहा है'।

1993 की 'गिफ्ट डीड' को चुनौती दी है भाई अजिताभ की पत्नी ने

अमिताभ के 'जलसा' पर विवाद, भाभी रमोला ने उठाए सवाल

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बॉलीवुड एक्टर अमिताभ बच्चन के जुहू स्थित बंगले 'जलसा' को लेकर परिवार में संपत्ति विवाद सामने आया है। उनकी भाभी, रमोला बच्चन ने 1993 की एक 'गिफ्ट डीड' को चुनौती दी है, जिसके जरिए इस संपत्ति का मालिकाना हक जया बच्चन को ट्रांसफर कर दिया गया था। रमोला का दावा है कि यह लेन-देन उनकी जानकारी या सहमति के बिना हुआ था।

यह शिकायत अंधेरी स्थित 'डिप्टी रजिस्ट्रार ऑफ कोऑपरेटिव सोसाइटीज' के कार्यालय तक पहुंच गई है, जहां मामले की सुनवाई शुरू हो गई है। यह विवाद ऐसे समय में सामने आया है जब 'जलसा' वह जगह बनी हुई है, जहां अमिताभ बच्चन अपने फैंस से मिलते हैं, जिसमें उनका लंबे समय से चला आ रहा 'संडे दर्शन' भी शामिल है।

इस संपत्ति का मालिकाना हक गया बच्चन को हुआ है ट्रांसफर

दस्तावेज में नहीं थे गवाहों के हस्ताक्षर



रमोला ने इस बात पर भी सवाल उठाए हैं कि 1993 का वह दस्तावेज कैसे तैयार किया गया था? उनकी शिकायतों के अनुसार, उस समय 'गिफ्ट डीड' को बिना स्टाम्प ड्यूटी चुकाए एक सादे कागज पर तैयार किया गया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि उस पर गवाहों के हस्ताक्षर भी नहीं थे। इसके अलावा, उन्होंने महाराष्ट्र सरकार की 'अभय योजना' के तहत इस दस्तावेज के बाद में हुए पंजीकरण और उसे नियमित (रेगुलराइज) किए जाने पर भी सवाल उठाए हैं। डिप्टी रजिस्ट्रार फैयाज मुकाती ने शिकायत मिलने की पुष्टि की और बताया कि मामले की सुनवाई शुरू हो गई है। संबंधित पक्षों से अपना जवाब दाखिल करने के लिए कहा गया है।

यह है विवाद

'मुंबई मिरर' के अनुसार, अमिताभ के छोटे भाई अजिताभ बच्चन की पत्नी रमोला ने पिछले सात महीनों में पंजीकरण अधिकारियों के पास कई शिकायतें दर्ज कराई हैं। उनका दावा है कि 'गिफ्ट डीड' के जरिए जया को मालिकाना हक ट्रांसफर किए जाने से पहले, यह संपत्ति मूल रूप से उनके (रमोला के) नाम पर रजिस्टर्ड थी। 'कपोल हाउसिंग सोसाइटी' के रिकॉर्ड में जया बच्चन को ही मालिक बताया गया है। हालांकि, महाराष्ट्र सरकार के 'प्रॉपर्टी कार्ड' में अभी भी रमोला का नाम दर्ज है। बताया जा रहा है कि सरकारी रिकॉर्ड में रमोला का नाम हटाकर वहां जया का नाम दर्ज करने की कोशिशों के बाद यह विवाद फिर से गहरा गया है।

यह कहा बच्चन फैमिली ने

अमिताभ बच्चन ने इस पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है, जबकि जया बच्चन से संपर्क नहीं हो सका। अभिषेक बच्चन के प्रवक्ता ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और इसे परिवार का आंतरिक मामला बताया। अधिकारियों ने अभी तक विवादित दस्तावेजों और मालिकाना हक के दावों की वैधता तय नहीं की है।

सम्पादकीय

खुदरा महंगाई दर दो साल के उच्चतम स्तर 6.09% पर पहुंची



अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़े कई बार आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी की मुश्किलों को कम नहीं कर पाते। जब बाजार में जरूरी वस्तुओं की कीमतों के अनुपात में आम लोगों की आय में बढ़ोतरी नहीं होती, तो स्वाभाविक ही इसका सीधा असर उनके सामान्य उपभोग पर पड़ता है। आम उपभोक्ताओं की घटती क्रयशक्ति बाजार में उपलब्ध वस्तुओं की खपत में भी गिरावट लाती है। पिछले काफी समय से जमीनी हकीकत इसी मुश्किल से दो-चार है। इस बीच खाने-पीने की जरूरी वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने सबके सामने बहुस्तरीय चुनौतियां खड़ी कर दी है। हैरानी की बात है कि आर्थिक मोर्चे पर सब कुछ दुरुस्त होने के दावों के बीच सरकार ने महंगाई की बढ़ती रफ्तार को शायद अपने भरोसे छोड़ दिया है। गौरतलब है कि अक्तूबर, 2026 में देश की खुदरा महंगाई बढ़ कर 6.09 फीसद पर पहुंच गई। सितंबर में यह आंकड़ा 5.54 फीसद था। पिछले दो वर्षों के दौरान महंगाई का यह सबसे उच्च स्तर है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, खुदरा महंगाई दो साल में पहली बार भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआइ की छह फीसद की ऊपरी सहनशीलता की सीमा से भी आगे निकल गई। आरबीआइ ने महंगाई दर का लक्ष्य चार फीसद तय किया हुआ है, लेकिन इसके लिए दो फीसद की घट-बढ़ की गुंजाइश रखी गई है। यानी महंगाई दर दो से छह फीसद के बीच रहनी चाहिए। मगर इस बार यह सीमा पीछे छूट गई। इससे पहले अक्तूबर 2024 में खुदरा महंगाई 6.25 फीसद पर पहुंच गई थी। खुदरा महंगाई की दर में इजाफे के बीच सबसे चिंताजनक खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों का बेलगाम होना होता है। ताजा आंकड़ों के अनुसार खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर सितंबर में 7.74 फीसद से बढ़ कर 8.94 फीसद हो गई। महंगाई की इस रफ्तार के बीच वैसी वस्तुओं की खरीदारी तो टाली जा सकती है, जो अनिवार्य आवश्यकताओं की श्रेणी में नहीं आती, लेकिन जब इसका असर थाली में कटौती के रूप में सामने आने लगे, तो इसके दुश्चक्र का अंदाजा लगाया जा सकता है। यह समझना मुश्किल नहीं है कि मुख्य अनाज के समांतर जब सब्जियों की कीमतें भी बेलगाम होती जाएं, तो गरीब या निम्न आयवर्गीय परिवारों को कितने स्तर पर समझौता करना पड़ता है। अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो अर्थव्यवस्था के आंकड़ों का हिसाब विकास की कौन-सी इबारत लिखेगा? महंगाई के आंकड़ों के उच्च स्तर पर पहुंचने का असर दिसंबर में होने वाली अगली मौद्रिक बैठक और आरबीआइ द्वारा रेपो रेट निर्धारित करने पर पड़ना तय माना जा रहा है।



सुशील कुमार सिंह प्रधान संपादक

बिरसा मुंडा: क्रांतिकारी, समाज-सुधारक और जन-आस्था के भगवान

बिरसा मुंडा की 151वीं जयन्ती- 15 नवम्बर, 2026 पर विशेष

ललित गर्ग





किसी महापुरुष का मूल्यांकन केवल इस आधार पर नहीं किया जाता कि उसने अपने समय में कितनी लोकप्रियता अर्जित की, बल्कि इस आधार पर किया जाता है कि उसने अपने समाज की पीड़ा को कितनी गहराई से समझा, अन्याय के विरुद्ध कितनी निर्भीकता से खड़ा हुआ और आने वाली पीढ़ियों के लिए कैसी चेतना छोड़ी। इस कसौटी पर बिरसा मुंडा भारतीय इतिहास के उन विलक्षण नायकों में दिखाई देते हैं, जिनका जीवन छोटा था, लेकिन संघर्ष विराट। मात्र लगभग 25 वर्ष की आयु में उन्होंने अंग्रेजी साम्राज्य, जमींदारी शोषण, महाजनी व्यवस्था, सामाजिक कुरीतियों और सांस्कृतिक दासता के विरुद्ध ऐसी चेतना जगाई, जिसने उन्हें केवल आदिवासी नायक नहीं, बल्कि भारतीय स्वाधीनता संघर्ष के अग्रणी जननायकों की पंक्ति में खड़ा कर दिया। आदिवासी अस्मिता, स्वतंत्रता-संग्राम, जल-जंगल-जमीन और आध्यात्मिक आस्था के प्रतीक ऊलगुलान यानी बिरसा मुंडा के संघर्ष और स्वतंत्रता की चेतना ने भारत को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्हें धरती आबा और बिरसा भगवान के रूप में पूजा जाता है। उनका संघर्ष केवल अंग्रेजों से मुक्ति का नहीं, अस्मिता, स्वाभिमान और स्वराज का महासंग्राम था 15 नवंबर 1875 को झारखंड के उलिहातु में जन्मे बिरसा मुंडा का जीवन उस भारत की कहानी है, जिसे औपनिवेशिक सत्ता केवल राजस्व और संसाधनों की दृष्टि से देखती थी।

आदिवासी के लिए जंगल केवल जंगल नहीं था, जमीन केवल जमीन नहीं थी और नदी केवल पानी का स्रोत नहीं थी। वह उसकी जीवन-पद्धति, संस्कृति, आस्था और अस्तित्व का आधार थी। अंग्रेजी शासन और उससे जुड़ी जमींदारी-महाजनी व्यवस्था ने जब इस जीवन-दर्शन को चुनौती दी, तब बिरसा के भीतर विद्रोह जन्मा। यहीं बिरसा मुंडा के संघर्ष को देखने का एक नया दृष्टिकोण सामने आता है। उनका आंदोलन केवल अंग्रेजों को भारत से बाहर निकालने का राजनीतिक आंदोलन नहीं था। वह उससे कहीं अधिक व्यापक था। वह पूछ रहा था- किसका जंगल? किसकी जमीन? किसका शासन? किसकी संस्कृति? और किसके अधिकार? यही प्रश्न आगे चलकर उनके प्रसिद्ध ऊलगुलान, अर्थात महान जनविद्रोह, की आत्मा बने। बिरसा ने महसूस किया कि किसी समाज को केवल बाहरी सत्ता नहीं गुलाम बनाती, उसके भीतर की कमजोरियां भी उसे कमजोर करती हैं। इसलिए उन्होंने तलवार से पहले चरित्र और चेतना को अपना हथियार बनाया। उन्होंने आदिवासी समाज में फैली अंधविश्वासपूर्ण प्रवृत्तियों, नशे, सामाजिक बुराइयों और रूढ़ियों के विरुद्ध आवाज उठाई। उन्होंने लोगों को अपने धर्म, संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूक किया। हिंसा और नशे से दूर रहने, नैतिक जीवन जीने और सामूहिक एकता बनाए रखने की प्रेरणा दी। इस अर्थ में बिरसा केवल क्रांतिकारी नहीं थे, वे समाज के भीतर से समाज को बदलने वाले सुधारक भी थे। उन्होंने समझ लिया था कि जिस समाज के भीतर आत्मविश्वास मर जाता है, वह बाहरी शोषण का प्रतिरोध लंबे समय तक नहीं कर सकता। इसलिए उन्होंने पहले आदिवासी समाज में आत्मसम्मान जगाया और फिर उसे अंग्रेजी सत्ता के सामने खड़ा किया। उनका संघर्ष किसानों और आदिवासियों के उस अधिकार के लिए था जिसे औपनिवेशिक व्यवस्था ने धीरे-धीरे छीन लिया था। महाजन कर्ज देते और बदले में जमीन पर कब्जा कर लेते। जमींदारी व्यवस्था शोषण को संस्थागत रूप देती। अंग्रेजी कानून आदिवासी जीवन-पद्धति के अनुकूल नहीं थे। बिरसा ने इस पूरी व्यवस्था को चुनौती दी। उनके लिए स्वराज का अर्थ केवल सत्ता परिवर्तन नहीं था; स्वराज का अर्थ था अपनी जमीन पर अपना अधिकार, अपनी संस्कृति पर अपना अधिकार और अपने जीवन पर अपना निर्णय।

यही कारण है कि बिरसा का ऊलगुलान इतिहास में एक असाधारण घटना बन गया। 1895 से 1900 के बीच उनका प्रभाव तेजी से बढ़ा। अंग्रेजी शासन ने उनके आंदोलन को अपने लिए गंभीर खतरे के रूप में देखा। गिरफ्तारियां हुईं, दमन हुआ, गोलियां चलीं, लेकिन आंदोलन की चेतना को कैद नहीं किया जा सका। जनवरी 1900 में डोमबाड़ी पहाड़ी की घटना ने संघर्ष को और उग्र रूप दिया। अंततः बिरसा मुंडा 3 फरवरी 1900 को गिरफ्तार हुए और 9 जून 1900 को रांची जेल में उनकी मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु ने उनके शरीर को समाप्त किया, लेकिन बिरसा को इतिहास से मिटाने की अंग्रेजों की कोशिश विफल हो गई। लोकगीतों, कथाओं, स्मृतियों और आदिवासी चेतना में वे जीवित रहे। यही किसी महापुरुष की वास्तविक विजय होती है-जब व्यक्ति चला जाता है, लेकिन उसका विचार समाज की सामूहिक चेतना बन जाता है। और यहीं बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व का सबसे अद्भुत पक्ष सामने आता है-वे आदिवासी समाज के लिए केवल नायक नहीं रहे, भगवान बन गए। झारखंड और आसपास के क्षेत्रों में उन्हें श्रद्धा से बिरसा भगवान और धरती आबा कहा जाता है। यह केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं है। इसके पीछे उस समाज की गहरी कृतज्ञता है, जिसने बिरसा में अपने अस्तित्व की रक्षा करने वाले मसीहा को देखा। जिस व्यक्ति ने उनकी धरती, संस्कृति, सम्मान और अधिकार के लिए अपना जीवन न्योछावर किया, वह उनके लिए देवतुल्य हो गया।

आज बिरसा मुंडा को राष्ट्रीय स्मृति में जिस व्यापकता से प्रतिष्ठा मिली है, उसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिरसा को केवल आदिवासी समुदाय के नायक के रूप में नहीं, बल्कि पूरे भारत के स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय अस्मिता के नायक के रूप में जन-जन तक पहुंचाया। 2021 में 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा इसी राष्ट्रीय पुनर्स्मरण का महत्वपूर्ण पड़ाव बनी। 2024 से 2025 तक बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर देशभर में जनजातीय गौरव वर्ष के कार्यक्रम हुए। 2024 में प्रधानमंत्री ने बिहार के जमुई में स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया तथा जनजातीय क्षेत्रों के विकास से जुड़े अनेक कार्यक्रमों की शुरूआत की। 2025 में उनकी 150वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री ने गुजरात के डेडियापाड़ा में फिर बिरसा मुंडा को राष्ट्रीय श्रद्धांजलि दी और कहा कि भारत की स्वतंत्रता, सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा में जनजातीय समाज अग्रिम पंक्ति में रहा है। च्तमे प्दवितउंजपवद ठनतमंन

मोदी द्वारा बिरसा मुंडा को राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में लाने का महत्व केवल इतना नहीं कि एक महान आदिवासी नायक को उचित सम्मान मिला। इससे भारतीय इतिहास को देखने का दृष्टिकोण भी व्यापक हुआ है। अब स्वतंत्रता संग्राम की कथा केवल दिल्ली, मुंबई, कोलकाता या बड़े राजनीतिक केंद्रों की कथा नहीं रही; उसमें जंगलों, पहाड़ों और आदिवासी अंचलों के उन असंख्य संघर्षों को भी स्थान मिल रहा है, जिन्होंने ब्रिटिश सत्ता को चुनौती दी। सरकार ने जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के इतिहास और संस्कृति को संरक्षित करने के लिए संग्रहालयों सहित अनेक पहल भी की हैं। बिरसा मुंडा की प्रासंगिकता इसलिए भी बढ़ जाती है क्योंकि आज विकास और पर्यावरण के प्रश्नों के बीच जल, जंगल और जमीन का सवाल फिर हमारे सामने है। बिरसा हमें याद दिलाते हैं कि विकास का अर्थ किसी समुदाय को उसकी जड़ों से काट देना नहीं हो सकता। जनजातीय समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना हो तो उसकी संस्कृति, परंपरा, सामुदायिक जीवन और प्राकृतिक संसाधनों के प्रति उसके अधिकार-बोध का सम्मान भी जरूरी है।

आज बिरसा मुंडा को याद करना केवल उनकी प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाना नहीं है। इसका अर्थ है-वंचित के स्वाभिमान की रक्षा करना, प्रकृति के प्रति संवेदनशील होना, शोषण के विरुद्ध आवाज उठाना और भारत के उन नायकों को इतिहास में उनका उचित स्थान देना जिन्हें लंबे समय तक हाशिए पर रखा गया। बिरसा का जीवन हमें यह भी बताता है कि महान क्रांतियां हमेशा बड़े महलों से नहीं जन्म लेतीं। कभी-कभी वे जंगल की पगडंडियों से निकलती हैं, किसी साधारण युवक की आवाज बनती हैं और देखते-देखते साम्राज्य की नींव हिला देती हैं। बिरसा मुंडा की उम्र भले ही छोटी रही, लेकिन उनका संघर्ष कालजयी हो गया। उनका शरीर जेल में समाप्त हुआ, लेकिन उनका विचार आज भी आजाद है। वे आदिवासी समाज के भगवान इसलिए बने क्योंकि उन्होंने उनके भीतर भगवान जैसी शक्ति- आत्मसम्मान, स्वाभिमान और स्वतंत्रता को जगाया। इसलिए बिरसा मुंडा को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उन्हें केवल इतिहास की पुस्तक का पात्र न बनाएं, बल्कि न्याय, स्वाभिमान, प्रकृति और मनुष्य की गरिमा के प्रहरी के रूप में समझें। धरती आबा की यही पुकार आज भी सुनाई देती है-अपनी जड़ों से जुड़ो, अपने अधिकार पहचानो और अन्याय के सामने कभी मत झुको।

पुनः राजनीति का केंद्र बिंदु बनती अयोध्या

मृत्युंजय दीक्षित



उच्चतम न्यायलय के ऐतिहासिक निर्णय के बाद अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि पर दिव्य-भव्य राम मंदिर का निर्माण हो चुका है। अयोध्या का दीपोत्सव गिनीज बुक में स्थान बना चुका है। अयोध्या विश्व के पर्यटन मानचित्र पर चमक रही है। अयोध्या की आर्थिकी में नए स्तर पर पहुँच चुकी है। चिर पुरातन अयोध्या पौराणिक मान्यताओं और आधुनिक विकास के समन्वय का प्रतीक बन गई है। इतने वर्षों में अयोध्या और अयोध्या से जुड़ा बहुत कुछ बदल गया है जो नहीं बदला है वो है अयोध्या को लेकर राजनीति का तापमान।

वैसे तो राम मंदिर और अयोध्या को लेकर भाजपा तथा उसके विरोधी दलों में आरोप प्रत्यारोप हमेशा चलते रहते हैं किन्तु अब कारसेवकों पर गोलियां चलाने वाली सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने 12 दिसंबर को अयोध्या जाकर राम मंदिर के दर्शन करने की बात कहकर अयोध्या के नाम पर सियासत को नया रंग देने का दांव चला है। अखिलेश लम्बे समय से फैजाबाद की लोकसभा सीट पर सपा की जीत को ट्रॉफी की तरह लेकर घूम रहे हैं। सपा मुखिया अयोध्या को लेकर ऐसे चुनावी वादे कर रहे हैं कि सुनकर किसी को भी हंसी आ जाए, वो अयोध्या को सनातन तीर्थाटन की वैश्विक राजधानी बनाने की बात कर रहे हैं, जो योगी जी पहले ही बना चुके हैं। सरकार बनने पर राम मंदिर की व्यवस्था में पारदर्शिता लाने और कथित जमीन घोटाले की जांच कराने की घोषणा कर रहे हैं, जो पहले से ही चल रही है। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सपा मुखिया पर हमलावर होना स्वाभाविक ही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में दीपोत्सव के अवसर पर ही सपा मुखिया को स्पष्ट संदेश दे दिया कि वह पहले पूर्व में किए गए पापों के लिए माफी मांगे और फिर अयोध्या आयें। अयोध्या के संत समाज ने भी सपा मुखिया से माफी मांगने की अपील करते हुए कहा है कि माफी मांगे बिना अखिलेश को अयोध्या की पंचकोसी की शास्त्रीय सीमा में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। कारसेवकों के बलिदान की अनदेखी नहीं का जी सकती। संतों ने रामजन्मभूमि आंदोलन के दौरान कारसेवकों पर गोली चलवाने और संतो पर लाठीचार्ज कराने की घटनाओं पर सपा नेतृत्व से जवाब मांगा है। संतों का कहना है कि उन्हें अखिलेश के अयोध्या आने, रामलला के दर्शन करने या सरयू में स्नान करने पर आपत्ति नहीं है लेकिन कारसेवकों के बलिदान को अनदेखी कर उनका स्वागत नहीं किया जा सकता। अयोध्या आने से पहले उन्हें कारसेवकों के परिजनों से माफी मांग कर प्रायश्चित करना चाहिए। संत समाज ने सपा मुखिया के प्रस्तावित दौरे को राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित बताते हुए कहा कि वह पहले अपना पक्ष स्पष्ट करें। सुभासपा नेता ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि सपा मुखिया अयोध्या, मथुरा काशी तो गए लेकिन कभी प्रभु श्रीराम, काशी विश्वनाथ और श्रीकृष्ण के दर्शन तक नहीं किए। सपा मुखिया को छह दिसंबर को अयोध्या जाकर रामलला के सामने सिर झुकाकर माफी मांगनी चाहिए। सपा मुखिया पीडीए पर बहुत बल दे रहे हैं अतः उन्हें यह तथ्य भली भांति पता होना चाहिए कि पीडीए समाज ने राम मंदिर निर्माण के आंदोलन में अत्यंत सक्रिय भूमिका निभाई थी। सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव ने जिन रामभक्तों पर गोलियां चलवाई थीं उनमें अधिकांशतः पीडीए समाज के ही लोग थे।

सपा के पार्टी कार्यालय के बाहर एक पोस्टर लगाया गया है जिसमें पीडीए को एक नया अर्थ देते हुए पी को पहले, डी को दर्शन और ए को आशीर्वाद बताते हुए पीडीए अर्थात आदरणीय श्री अखिलेश यादव जी लिखा है। सपा मुखिया द्वारा पीडीए के पारंपरिक राजनीतिक समीकरण को आस्था और दर्शन के साथ जोड़ने की इस रणनीति को पीडीए समाज के बीच अपनी पकड़ को मजबूत करने की दृष्टि से देखा जा रहा है। भारी राजनीतिक दबाव पड़ने के बाद सपा मुखिया बयान दे रहे हैं कि भगवान सबके हैं वह अयोध्या, मथुरा, काशी केदारेश्वर सभी जगह जाएंगे। राजनीतिक रूप से कहा जा सकता है कि सपा हिंदुत्व की लहर के कारण असहज है। एक ओर सपा मुखिया अयोध्या जाने का ऐलान करते हैं वहीं दूसरी ओर मुस्लिम वोट बैंक की नाराजगी के डर से जेल में आजम खान से मिलने जाते हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अयोध्या आने की बात कही वहीं उनकी प्रमुख सहयोगी कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी ने अंग्रेजी समाचार पत्र गार्जियन को दिए गए साक्षात्कार में कहा है कि जब छह दिसंबर1992 को अयोध्या में बाबरी मस्जिद का विध्वंस हो रहा था तो उस दृश्य को टीवी पर देखकर वे खूब रो रही थीं, ऐसा जी जिक्र उन्होंने अपनी किताब में भी किया है। सपा मुखिया के क्या विचार हैं? छह दिसंबर 1992 की घटना के बाद जिस प्रकार से भयावह दंगे हुए और शहर -शहर कर्फ्यू लगा दिया गया क्या सपा मुखिया अपने पूर्वजों के उन कृत्यों के लिए माफी मांगेंगे?

सपा मुखिया 30 अक्टूबर तथा दो नवम्बर 1990 की घटनाओं पर स्वयं तो चुप हैं किंतु उनके सांसद उस वीभत्स कृत्य पर बयानबाजी कर रहे हैं। सपा सांसद एस.पी. सिंह पटेल ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुलायम सिंह यादव ने जो कदम उठाया था वह बेहद जरूरी था। उन्होंने कहा कि जब कारसेवक जबरदस्ती कर रहे थे तो उन्हें रोकने के लिए सरकार ने गोली चलवाई। सपा सांसद सनातन पांडेय और सलेमपुर से सांसद रमाशंकर राजभर विद्यार्थी भी कारसेवकों के नरसंहार का समर्थन कर रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में यही माना जाएगा कि सपा मुखिया निहित राजनैतिक स्वार्थ के लिए अयोध्या जाकर राम मंदिर के दर्शन करना चाहते हैं। सपा मुखिया को लग रहा है कि जनमानस पुरानी घटनाओं को भूल जाता है और मात्र अयोध्या जाकर उनको रिझाया जा सकता है।सपा के शासनकाल में रामभक्तों व सनातन हिंदू समाज पर वीभत्स अत्याचार हुए हैं। रामभक्तों पर गोली चलाने के बाद भी इनका दिल नहीं भरा था, रामायण व सुंदर कांड के पाठों का आयोजन भी अपराध हो गया था।

लघुकथा

चार हाथ



एक मिल मालिक के दिमाग में अजीब-अजीब खयाल आया करते थे जैसे सारा संसार मिल हो जाएगा, सारे लोग मजदूर और वह उनका मालिक या मिल में और चीजों की तरह आदमी भी बनने लगेंगे, तब मजदूरी भी नहीं देनी पड़ेगी, वगैरा-वगैरा। एक दिन उसके दिमाग में खयाल आया कि अगर मजदूरों के चार हाथ हो तो काम कितनी तेजी से हो और मुनाफा कितना ज्यादा। लेकिन यह काम करेगा कौन? उसने सोचा, वैज्ञानिक करेंगे, ये हैं किस मर्ज की दवा? उसने यह काम करने के लिए बड़े वैज्ञानिकों को मोटी तनख़्वाहों पर नौकर रखा और वे नौकर हो गए। कई साल तक शोध और प्रयोग करने के बाद वैज्ञानिकों ने कहा कि ऐसा असंभव है कि आदमी के चार हाथ हो जाएँ। मिल मालिक वैज्ञानिकों से नाराज हो गया। उसने उन्हें नौकरी से निकाल दिया और अपने आप इस काम को पूरा करने के लिए जुट गया। उसने कटे हुए हाथ मँगवाए और अपने मजदूरों के फिट करवाने चाहे, पर ऐसा नहीं हो सका। फिर उसने मजदूरों के लकड़ी के हाथ लगवाने चाहे, पर उनसे काम नहीं हो सका। फिर उसने लोहे के हाथ फिट करवा दिए, पर मजदूर मर गए। आखिर एक दिन बात उसकी समझ में आ गई। उसने मजदूरी आधी कर दी और दुगुने मजदूर नौकर रख लिए।

कहानी

लक्ष्मणजी की तपस्या !

प्रभु श्रीरामजी के तीनों भाई अर्थात लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न उनकी सेवा करते थे। वे श्रीरामजी को पिता समान मानते थे और उनकी आज्ञा का पालन करते थे। प्रभु श्रीरामजी के साथ लक्ष्मणजी वनवास गए थे। प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण इनमें अगाध प्रेम था । रावण के साथ जब महाभयंकर युद्ध हुआ था, तब लक्ष्मणजी ने रावण के पुत्र इंद्रजित का वध किया था । लक्ष्मणजी ने इंद्रजित का वध कैसे किया था, यह कथा अब हम सुनते है । प्रभु श्रीरामजी जब रावण से युद्ध कर अयोध्या वापस लौटे तब उनसे मिलने अगस्त्य मुनि अयोध्या पहुंचे । दोनो में लंका में हुए युद्ध के बारें मे चर्चा होने लगी। उस समय प्रभु श्रीरामजी ने बताया कि किस तरह उन्होंने रावण और कुंभकर्ण जैसे वीरों का वध किया और अनुज लक्ष्मण ने भी इंद्रजीत और अतिकाय जैसे शक्तिशाली असुरों का वध किया । तभी अगस्त्य मुनि बोले, हे श्रीराम, रावण और कुंभकर्ण प्रचंड वीर थे; परन्तु सबसे बडा वीर रावण का पुत्र इंद्रजीत ही था। इंद्रजीतने अंतरिक्ष में हुए युद्ध में इंद्र को बंदी बनाया और उन्हें लंका ले गया। ब्रह्मजी ने इंद्रजीत से दान के रूप में इंद्र को मांगा, तब उसने दिए दान के कारण इंद्र मुक्त हुए । लक्ष्मण ने उसका वध किया और केवल वही उसका संहार भी कर सकते थे । अगस्त्य मुनिजी से लक्ष्मण की वीरता की प्रशंसा सुनकर श्रीरामजी बहुत प्रसन्न हुए । साथ ही वे अचंभित भी हुए । उन्होंने अगस्त्य मुनिजी से पूछा, ऐसा क्या था कि केवल लक्ष्मण ही इंद्रजीत का वध कर सकता था? तब अगस्त्य मुनि ने बताया, हे प्रभु ! इंद्रजीत को वरदान था कि उसका वध वही कर सकता था जो चौदह वर्षों तक न सोया हो । जिसने चौदह वर्षों तक किसी स्त्री का मुख नही देखा हो । जिसने चौदह वर्षों तक भोजन न किया हो । प्रभु श्रीरामजी बोले, ह्मपरंतु मुनिवर, मैं वनवास काल में चौदह वर्षों तक नियमित रूप से लक्ष्मण के हिस्से का फल-फूल उसे देता रहा । मैं सीता के साथ एक कुटी में रहता था, बगल की कुटी में लक्ष्मण का निवास था, तो सीता का मुख भी न देखा हो और चौदह वर्षों तक सोए न हों, ऐसा कैसे हो सकता है ? प्रभु श्रीराम की सारी बात समझकर अगस्त्य मुनि मुस्कुराए। श्रीरामजी स्वयं भगवान थे । उन्हें लक्ष्मण के बारें में सब पता था । परंतु वे चाहते थे कि लक्ष्मण के तप और वीरता के बारें में अयोध्या की प्रजा को भी ज्ञात हो । प्रभु श्रीरामजी के मन की बात जानकर अगस्त्य मुनि बोले, आपने योग्य सुना प्रभु, लक्ष्मण के अलावा कोई और इंद्रजीत को नहीं मार सकता था । इंद्रजित के वध के बाद महाराज विभीषण ने भी श्रीराम से कहा था की, रावण के पुत्र इंद्रजीत का वध देवताओं के लिए भी संभव नहीं था । उसे तो केवल लक्ष्मणजी जैसा कोई महायोगी ही मार सकता था । अगस्त्य मुनि ने श्रीरामजी से कहा कि क्यों न लक्ष्मणजी से ही यह बात पूछी जाए । लक्ष्मणजी आए तो श्रीरामजी ने कहा, लक्ष्मण, आपसे जो पूछा जाए उसे सच-सच कहिएगा । प्रभु बोले, हम तीनों चौदह वर्षों तक साथ रहे फिर तुमने सीता का मुख कैसे नहीं देखा ? तुम्हे खाने के लिए फल दिए गए फिर भी तुम १४ वर्ष बिना भोजन किए कैसे रहे ? और तुम १४ वर्षों तक सोए भी नहीं ? यह कैसे हुआ? तब लक्ष्मणजी ने बताया, भैया, जब हम भाभी को तलाशते ऋष्यमूक पर्वत पर गए, तो सुग्रीव ने हमें उनके आभूषण दिखाकर पहचानने को कहा था । आपको स्मरण होगा, मैं उनके पैरों के आभूषण के अलावा कोई अन्य आभूषण नहीं पहचान पाया था। क्योंकि मैंने कभी भी उनके चरणों के ऊपर देखा ही नहीं । चौदह वर्ष नहीं सोने के बारे में लक्ष्मणजी ने बताया, आप और माता एक कुटिया में सोते थे। मैं रातभर बाहर धनुष पर बाण चढाए पहरेदारी करता था। निद्रादेवी ने मेरी आंखों पर पहरा करने का प्रयास किया, तो मैंने निद्रा को अपने बाणों से भेद दिया था । निद्राने हारकर स्वीकार किया कि वह चौदह वर्षो तक मुझे स्पर्श नहीं करेगी । परंतु जब श्रीरामजी का अयोध्या में राज्याभिषेक होगा और मैं उनके पीछे सेवक की तरह छत्र लिए खडा रहूंगा तब वह मुझे घेरेंगी । आपको याद होगा राज्याभिषेक के समय नींद के कारण मेरे हाथ से छत्र गिर गया था। लक्ष्मणजी ने आगे बताया कि, जब मैं वन से फल-फूल लाता था तब आप उसके तीन भाग करते थे । एक भाग देकर आप मुझसे कहते थे लक्ष्मण ये फल रख लो । आपने कभी फल खाने को नहीं कहां। तो आपकी आज्ञा के बिना मैं उसे खाता कैसे? मैंने उन्हें संभाल कर रख दिया। सभी फल उसी कुटिया में अभी भी रखे होंगे। प्रभु के आदेश पर लक्ष्मणजी चित्रकूट की कुटिया में से वे सारे फलों की टोकरी लेकर आए और दरबार में रख दी । फलों की गिनती हुई लेकिन ७ दिनों के फल कम थे । तब श्रीरामजी लक्ष्मणजी ने पूछा कि तुमने ७ दिन का आहार लिया था ? तब लक्ष्मणजी ने बताया, प्रभु जिस दिन पिताश्री के स्वर्गवासी होने की सूचना मिली, हमने आहार के लिए फल नहीं लाएं । इसके बाद जब रावण ने माता सीता का हरण किया उस दिन भी हमनें आहार नहीं लिया । जिस दिन आप समुद्र की साधना कर उससे राह मांग रहे थे, उस दिन भी हमने आहार नहीं लिया। जब इंद्रजीत के नागपाश में बंधकर हम दिनभर अचेत रहे उस दिन और जिस दिन इंद्रजीत ने मायावी सीता का सिर काटा था उस दिन हमने शोक के कारण आहार नहीं लिया । इसके अलावा जिस दिन रावण ने मुझपर शक्ति से प्रहार किया और जिस दिन आपने रावण का वध किया, यह दोनों दिन भी हमनें आहार नहीं लिया । इन ७ दिनों में हम निराहारी रहे । इस कारण ७ दिनों का आहार कम है। लक्ष्मणजी ने भगवान श्रीराम से कहा, मैंने गुरु विश्वामित्र से एक अतिरिक्त विद्या का ज्ञान लिया था । इससे बिना अन्न ग्रहण किए भी व्यक्ति जीवित रह सकता है । उसी विद्या से मैंने भी अपनी भूख नियंत्रित की और इंद्रजीत मारा गया ।

चुनाव उनके - व्यवस्था हमारी

संतोष उत्सुक

(व्यंग्य)

पिछले दिनों दुनिया के सबसे ज्यादा ताकतवर शासक ने अपनी मानसिक इच्छा जाहिर की कि उनके देश में भी विश्वगुरुओं के देश जैसी चुनाव व्यवस्था होनी चाहिए। अपना देश बचाओ अभियान के अंतर्गत कहा कि मतदान के लिए वैध पहचान पत्र जरूरी है।

दुनिया जानती है, हमारे यहां चुनाव आन, बान और शान से होते हैं। किसी भी स्तर का चुनाव कराने की व्यवस्था करने में हम सिद्धहस्त हैं। हर तरह का चुनाव इतने सौम्य, सरल, सहज, सहयोगी, नैतिक और मानवीय तरीके से होता है कि हमारी व्यवस्था महान मानी जाने लगी है। विश्वगुरुओं की पवित्र धरती के वासी हैं हम। स्वाभाविक है इन वजहों से दुनिया भर में इज्जत बढ़ जाती है। विद्वान लोग अपने अपने नजरिए से इसे देखते और समझते हैं। दूसरे देशों के राजनेता और शक्तिशाली शासक हमारी कई व्यवस्थाओं को पसंद करने लगते हैं और चाहते हैं कि उनके देश में ऐसी चुनाव व्यवस्था हो ताकि उनके यहां भी हमारी जैसी आन, बान और शान रहने लगे।

पिछले दिनों दुनिया के सबसे ज्यादा ताकतवर शासक ने अपनी मानसिक इच्छा जाहिर की कि उनके देश में भी विश्वगुरुओं के देश जैसी चुनाव व्यवस्था होनी चाहिए। अपना देश बचाओ अभियान के अंतर्गत



कहा कि मतदान के लिए वैध पहचान पत्र जरूरी है। वे हमारी चुनाव व्यवस्था से बहुत खुश हैं लगता है वे हमारी दूसरी विशेषताएं भी समाहित करना चाहते हैं। जैसा शोर शराबा, जुलूस, पोस्टर, बैनर, अपशब्द, मार पिटाई वगैरा यहां होते हैं वैसे ही वहां भी हों। चुनावी उम्मीदवार एक दूसरे पर व्यक्तिगत, पारिवारिक, क्षेत्रीय, धार्मिक और जातीय छींटाकशी करें। ऐसे प्रभावशाली नारों से उदगार प्रकट करें कि खूब सारी भावनाओं को ठेस पहुंचे। वे यह भी चाहते होंगे कि चुनाव में ऐसे वायदे किए जाएं जिनको पूरा करने की उम्मीद न हो। ऐसा लगे रंगीन ख़्वाब दिखाए जा रहे हैं। ऐसे लोग चुनाव लड़ सकें जिनकी कोई सामाजिक, नैतिक और शैक्षिक योग्यता न हो। ऐसे लोगों को उम्मीदवार बना दिया जाए जिनकी जाति, सम्प्रदाय और धर्म के इतने वोटर उनके चुनाव क्षेत्र में हों कि चुनाव हारने की कोई गुंजाइश न हो। अधिकतर उम्मीदवारों का स्वच्छता, पर्यावरण और जन सुविधाओं से कोई नाता न हो। उन पर संजीदा किस्म के दर्जनों मुकदमे दायर हों जिनकी लिस्ट जारी की जाए तो उनके क्षेत्र वासियों को गर्व महसूस हो कि क्या आन, बान और शान वाला उम्मीदवार खड़ा किया है।

अगर ऐसा व्यक्ति जीत जाए तो मनमाने काम करे। जनता की पीठ पर अपनी इच्छाओं की कीलें ठोके। सबसे नकली प्यार से बोले और झूठे सहयोग की जफ्फियां डालें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग उल्लू बन सकें। ऐसी पार्टी टिकट दे जिसे घोड़ों के व्यापार का अच्छा खासा अनुभव हो। चुनावी सभाओं में महिलाओं को टिकट देने की बात जोर शोर से करे लेकिन वास्तव में ऐसा बिलकुल न करे। महिलाओं की वोट हथियाने के लिए जो हो सके करे। अनपढ़ कुबुद्धि लोग चुनाव लड़ें और जीत भी जाएं और पढ़े लिखे प्रशासकों को पढाएं और समझाएं। चुनाव में जितना धन खर्च करें उससे बहुत कम बताया जाए ताकि भ्रष्टाचार जैसी जरूरी संस्कृति निरंतर पनपती रहे। आशा है शक्तिशाली शासक चुनावी सफलता के लिए विश्वगुरुकुल के ख्याति

एसएमडी जूनियर हाई स्कूल में धूमधाम से मना बाल दिवस, बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों

आकर्षक प्रोजेक्टों और खानपान के स्टॉलों ने मोहा सबका मन, मुख्य अतिथि राजू उर्फ राजीव ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ, बच्चों की प्रतिभा की सराहना कर की उज्ज्वल भविष्य की कामना

मोर्निंग सिटी संवाददाता



मैनपुरी। दूल्हापुर औरंध स्थित एसएमडी जूनियर हाई स्कूल में 14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, आकर्षक प्रोजेक्टों और विभिन्न खानपान के स्टॉलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों एवं ग्रामीणों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजू उर्फ राजीव, समाजवादी पार्टी के 108 भोगांव विधानसभा क्षेत्र से संभावित प्रत्याशी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद उन्होंने विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किए गए विभिन्न शैक्षिक एवं रचनात्मक प्रोजेक्टों का अवलोकन किया। बच्चों द्वारा लगाए गए बाल मेला भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा मुख्य अतिथि ने सभी स्टॉलों पर पहुंचकर बच्चों के प्रयासों की सराहना की और उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गायन सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। बच्चों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ कार्यक्रमों में सहभागिता की। उनके द्वारा तैयार किए गए प्रोजेक्टों में रचनात्मक सोच और मेहनत की झलक देखने को मिली। मुख्य अतिथि ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

बाल दिवस के अवसर पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं बच्चों के प्रिय चाचा नेहरू, पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनके सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, संस्कार, अनुशासन और रचनात्मक गतिविधियां अत्यंत आवश्यक हैं। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनकी छिपी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक श्री बृजेश कुमार, प्रधानाचार्या श्रीमती सुमन राजपूत एवं उप प्रधानाचार्य श्री शिवांग चौहान की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं में

विनय यादव, पवन चौहान,प्रीती शुक्ला शिवानी अनुष्का चौहान, आस्था शाक्य, प्रतीक्षा, समीक्षा, शिवानी राजपूत, सोनम, श्वेता एवं रंगोली सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं सहयोगी कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं अखिलेश, अमित, शिवराज, अभिराम सहित क्षेत्र के अन्य ग्रामीण भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया गया। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों, आकर्षक प्रोजेक्टों और उत्साहपूर्ण सहभागिता के साथ एसएमडी जूनियर हाई स्कूल का बाल दिवस समारोह यादगार बन गया।

गुड मॉर्निंग मैनपुरी अभियान के तहत पुलिस ने छात्र-छात्राओं से किया संवाद, हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी



मोर्निंग सिटी संवाददाता

मैनपुरी। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के कुशल निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे गुड मॉर्निंग मैनपुरी अभियान के तहत पुलिस टीमों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों और लाइब्रेरी सहित विभिन्न शैक्षणिक स्थलों पर पहुंचकर छात्र-छात्राओं को गुड मॉर्निंग कहकर उनका अभिवादन किया और उनसे आत्मीय बातचीत की। अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों ने छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव तथा बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। साथ ही मिशन शक्ति हेल्पलाइन 1090, साइबर अपराध की शिकायत के लिए 1930 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस टीमों ने छात्र-छात्राओं को बताया कि किसी भी प्रकार की परेशानी, उत्पीड़न, साइबर ठगी अथवा असुरक्षा की स्थिति में घबराने के बजाय संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर तत्काल सूचना दें। पुलिस का उद्देश्य विद्यार्थियों में सुरक्षा का विश्वास पैदा करने के साथ ही उन्हें जागरूक और सतर्क नागरिक बनाना है। इस अभियान के माध्यम से मैनपुरी पुलिस विद्यार्थियों के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर रही है, ताकि पुलिस और आमजन के बीच विश्वास का रिश्ता मजबूत हो तथा छात्र-छात्राएं स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें।

थाना समाधान दिवस में एसपी गणेश प्रसाद साहा ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश



मोर्निंग सिटी संवाददाता

मैनपुरी। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना कोतवाली मैनपुरी पहुंचकर जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे फरियादियों की शिकायतों एवं प्रार्थना पत्रों को गंभीरतापूर्वक सुना। एसपी ने प्राप्त शिकायतों का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्षता के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि फरियादियों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता का विशेष ध्यान रखा जाए। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में आपसी समन्वय बनाए रखते हुए पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करें। थाना समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।

लखीमपुर खीरी नीमगांव मे पांच दिनों से लापता किसान का शव झाड़ियो में मिला

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी के नीमगांव कोटवा में पांच दिन से लापता 45 वर्षीय किसान बिंद्रा प्रसाद का शव शनिवार को गांव के पश्चिम में झाड़ियों के बीच मिला। शव शीशम के पेड़ के पास था। बिंद्रा प्रसाद थाना नीमगांव क्षेत्र के ग्राम पोस्ट कोटवा के रहने वाले थे। परिजनों के मुताबिक, वह 10 नवंबर की रात करीब 10 बजे गांव में टहलने निकले थे, लेकिन घर नहीं लौटे।

परिजनों ने उनकी तलाश की और 11 नवंबर को नीमगांव थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शनिवार को करीब 4 बजे परिजन और ग्रामीण गांव के आसपास झाड़ियों में उन्हें तलाश रहे थे। इसी दौरान उन्हें पेड़ के पास शव दिखाई दिया। ग्रामीणों ने बताया कि शव के गले में रस्सी बंधी थी। फंदा लगाने की आशंका जताई गई। शव जमीन पर मिलने और रस्सी टूटने की संभावना को लेकर भी ग्रामीणों में चर्चा थी। शव की हालत खराब थी और चेहरे पर कीड़े पड़ गए थे। सूचना मिलने पर नीमगांव थाना प्रभारी प्रवीण कुमार गौतम और सिकंदराबाद चौकी प्रभारी राम गौरव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में विशाल जनपदीय जनगणना जागरूकता रैली निकाली गई एवं बाल दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया

मोर्निंग सिटी संवाददाता



मैनपुरी। पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, मैनपुरी में शुक्रवार को जनगणना जागरूकता कार्यक्रम एवं बाल दिवस का कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जनगणना जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विशाल जनपदीय रैली का आयोजन किया गया, जिसे मुख्य विकास अधिकारी श्री संतोष बहादुर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस विशाल रैली में अपर जिलाधिकारी श्यामलता आनंद, जिला विद्यालय निरीक्षक सतीश कुमार, सह जिला विद्यालय निरीक्षक रघुराज सिंह पाल एवं प्रधानाचार्या रेखा की उपस्थिति में राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, क्रिश्चियन इंटर कॉलेज, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज, एकरसानंद इंटर कॉलेज मैनपुरी के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विशाल जनपदीय रैली में संजोग मल्ल, नंदराम, जगदीश पाल, उमेश चंद्र, विनोद कुमार, संतोष कुमार, महेंद्र सिंह, डॉ. हिमांशु यादव, ब्रजेश चौबे, अनुपम कुमार, सुशांत दुबे, विवेक, आशा शर्मा, डॉ. सरोज यादव, सुनीता देवी, शैली पाण्डेय, पूनम दुबे, ज्योति सक्सेना, सुमन, कुसुमा देवी, समीक्षा, किरनपाल, अंजना सक्सेना, गीता श्रीवास्तव आदि शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

रैली के उपरांत विद्यालय में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों के स्टॉल लगाकर मेले का आयोजन किया। इसके अतिरिक्त रेडक्रॉस सोसायटी की तरफ से मैजिक शो का भी आयोजन किया गया।

यातायात पुलिस ने किया विशेष चेकिंग अभियान



मोर्निंग सिटी संवाददाता

मैनपुरी। पुलिस अधीक्षक, मैनपुरी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर/यातायात अरुण कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक यातायात दीपशिखा सिंह * व यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह* मय यातायात पुलिस टीम वह सभी थानों द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु जनपद मैनपुरी में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया ब्लैक फिल्म, बिना नंबर प्लेट अभियान के दौरान की गई कार्यवाही कार्यवाही में **कुल चालान**: 1288 किये गए व 15,40,000 का जुमार्ना किया गया। **विशेष कार्यवाही***: स्कूलों का कॉलेज में यातायात में जागरूक कराया गया इस दौरान यातायात पुलिस द्वारा आमजन को यातायात नियमों क प्रति जागरूक भी किया गया।

रंगदारी के लिए कार में आग लगाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

मोर्निंग सिटी संवाददाता

आगरा। एत्माद्दौला थाना क्षेत्र में रंगदारी के लिए कार में पेट्रोल डालकर आग लगाने का मामला सामने आया है। प्रार्थी सौरभ राठौर की लिखित शिकायत पर थाना एत्माद्दौला में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। नामजद आरोपी दीप सेंगर व ऋषभ सेंगर हैं। प्रार्थी का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते उनकी गाड़ी नं. यूपी80जीआर9996 को घेर लिया गया। आरोप है कि पिस्टल दिखाकर 50 हजार रुपये की मांग की गई और मांग पूरी न करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। प्रार्थी के अनुसार वे मौका देखकर अपनी गाड़ी से उतरकर बुआ के घर पहुंच गए, जिससे उनकी जान बच गई। आरोप है कि आरोपी पीछा करते हुए बुआ के घर पर आ गए और गाड़ी पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। ऋ़ष़फ़के साथ घटना की सी.सी.टी.वी. फुटेज संलग्न होने की बात भी कही गई है। प्रार्थी के अनुसार उन्होंने 112 पर कॉल की और फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है मुकदमा के अनुसार नामजद आरोपी रामकिशोर पुत्र हेत सिंह, निवासी नाई की सराय, थाना खंदौली और इब्राहिम, निवासी नाई की सराय बम्बा, थाना खंदौली हैं। इनके साथ दो अन्य अज्ञात व्यक्ति भी बताए गए हैं। शिकायत के अनुसार 12.11.2026 को सुबह करीब 10:30 बजे प्रार्थी अपनी बस रामबाग पार्क के सामने खड़ी करके सवारी भर रहे थे। आरोप है कि तभी आरोपियों ने कहा कि यहाँ सवारी नहीं भर सकते, अगर भरना है तो 250 रुपये प्रति चक्कर देने पड़ेंगे। मना करने पर मारपीट का आरोप है। एफआईआर में कहा गया है कि रामकिशोर ने चाकू से चेहरे पर मार दिया और अन्य लोगों ने लात-घूंसों से मारा। माँ-बहन की गालियां देने, कपड़े फाड़ने और जेब से 8000 रुपये गायब होने का भी आरोप है। भीड़ इकट्ठा होने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग जाने का आरोप है। थाना एत्माद्दौला पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपों की पुष्टि जांच के बाद होगी।

डग्गेमार बसों के आगे बेबस नजर आ रहा परिवहन विभाग, हादसे के बाद भी नहीं थम रहा अवैध संचालन


मोर्निंग सिटी संवाददाता

टूंडला। एटा-टूंडला मार्ग पर 12 नवंबर की शाम करीब सात बजे सवारियों से भरी डग्गेमार बस खाई में गिरने से एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए थे। हादसे में आधा दर्जन से अधिक यात्रियों की हालत गंभीर होने पर उन्हें सीएचसी टूंडला से जिला अस्पताल रेफर करना पड़ा। इसके बावजूद क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित बसों पर प्रभावी कार्रवाई होती दिखाई नहीं दे रही है। ऐसे में परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली और प्रवर्तन कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार एटा से फिरोजाबाद होते हुए आगरा तक प्रतिदिन दो दर्जन से अधिक बसों का संचालन हो रहा है।

इनमें कुछ बसों के अनुबंधित होने की चर्चा भी सामने आ रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि इन बसों का अनुबंध किस विभाग या संस्था से है, इन्हें किस रूट का परमिट मिला हुआ है और इनके संचालन की वास्तविक स्थिति क्या है। यदि बसें अनुबंधित हैं तो उनके परमिट, फिटनेस, बीमा और अनुबंध की शर्तों की जांच कितनी पारदर्शिता से की जा रही है। कहीं अनुबंधित बसों की आड़ में नियमों का उल्लंघन तो नहीं हो रहा? लखनऊ में डग्गामार बसों के मामले में लापरवाही बरतने पर नौ पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की खबर सामने आने के बाद फिरोजाबाद में भी जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही को लेकर सवाल उठने लगे हैं। एआरटीओ प्रवर्तन विभाग की निगरानी के बावजूद इतनी बड़ी संख्या में बसों का लगातार संचालन होना विभागीय सक्रियता पर सवालिया निशान लगा रहा है। आखिर प्रवर्तन विभाग की कार्रवाई का असर सड़कों पर क्यों दिखाई नहीं दे रहा? वहीं यातायात पुलिस की निगरानी और तहसील प्रशासन के क्षेत्र में संचालित अवैध बस अड्डों को लेकर भी जिम्मेदारों की भूमिका चर्चा में है। हादसे के बाद यात्रियों की सुरक्षा, बसों की वैधता और विभागीय निगरानी को लेकर परिवहन विभाग, यातायात पुलिस तथा तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है।अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि सड़कों पर दौड़ रही इन बसों की जिम्मेदारी किसकी है और हादसों में घायल होने वाले यात्रियों की जवाबदेही कौन लेगा? क्या संबंधित विभाग सभी बसों के परमिट, फिटनेस, बीमा और अनुबंध की निष्पक्ष जांच कर अवैध संचालन पर रोक लगाएंगे, या फिर हर हादसे के बाद जांच और कार्रवाई के सवाल महज कागजों तक सीमित रह जाएंगे?



छठ पूजा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं! एसीपी ने घाटों का निरीक्षण कर पुलिस को किया सतर्क



मोर्निंग सिटी संवाददाता

आगरा। छठ पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आगरा पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, घाटों पर भीड़ नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

14 नवंबर 2026 को सहायक पुलिस आयुक्त हरीपर्वत श्री बजरंग प्रसाद ने थाना छत्ता क्षेत्र के हाथीघाट और थाना कमला नगर क्षेत्र के पार्वती घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसीपी ने निर्देश दिए कि छठ पर्व के दौरान घाटों पर पर्याप्त पुलिस सतर्कता रखी जाए। श्रद्धालुओं के आने-जाने के रास्तों को सुरक्षित बनाया जाए तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी पूरी मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अप्रिय घटना की स्थिति उत्पन्न न हो। वहीं, छत्ता थाना प्रभारी अजय जायसवाल ने कार्यभार संभालते ही क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सक्रियता दिखाई है।

छठ पर्व को देखते हुए घाटों और आसपास के इलाकों में पुलिस सतर्कता बनाए रखने पर जोर दिया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का उद्देश्य है कि छठ पर्व के दौरान श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के पूजा-अर्चना कर सकें और पूरा आयोजन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो।

आज होगा भव्य पिच्छिका परिवर्तन महोत्सव, निकलेगी रथयात्रा



मोर्निंग सिटी संवाददाता

टूंडला। एटा रोड स्थित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में परम पूज्य मुनि श्री 108 विश्रांत सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में समवशरण महामंडल विधान श्रद्धा और भक्ति के साथ चल रहा है। गुरुवार को गुरुदेव ने प्रवचन में दान का महत्व बताते हुए कहा कि थोड़ा सा दान भी श्रेष्ठ होता है। जिस प्रकार भूमि में बोया गया छोटा सा बीज बड़ा फल देता है, उसी प्रकार दान का फल भी बहुत बड़ा होता है। सुख और शांति प्राप्त करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सामर्थ्य के अनुसार दान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि दिगंबर जैन मुनि अहिंसा महाव्रत का पालन करते हुए सूक्ष्म जीवों की रक्षा के लिए मयूर पंखों की पिच्छिका धारण करते हैं। शुक्रवार को प्रातः नौ बजे पिच्छिका परिवर्तन महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन होगा। वहीं सुबह 10 बजे श्रीजी की भव्य रथयात्रा बैंड-बाजे, नगाड़ों और बग्घियों के साथ निकाली जाएगी। विधान में पंडित सुनील शास्त्री, पंडित अभिषेक शास्त्री एवं पंडित आशीष जैन ने मंत्रोच्चार कराया। संगीतकार कुलदीप भोपाल, सोनिया जैन सिरसागंज और दिल्ली से आए सत्येंद्र शर्मा ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया।

महिलाओं और छात्राओं को किया जागरूक



मोर्निंग सिटी संवाददाता

फिरोजाबाद। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-06 अभियान के तहत 14 नवंबर को जनपदभर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में पुलिस अधिकारियों एवं थाना पुलिस टीमों ने स्कूलों, गांवों और विभिन्न थाना क्षेत्रों में रैली व संगोष्ठियों के माध्यम से महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं को जागरूक किया। इस दौरान महिला अपराधों की रोकथाम, साइबर सुरक्षा, नशे के दुष्परिणाम, बाल विवाह और पारिवारिक विवादों सहित महिलाओं के अधिकारों की जानकारी दी गई। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 1076, 112 और साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी देकर जरूरत पड़ने पर सहायता लेने की अपील की गई।

संदीप और सौरभ के तिलक-सगाई समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी, दिया आशीर्वाद



मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह और उनके भाई सौरभ सिंह के तिलक एवं सगाई समारोह में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। तालानगरी स्थित रामघाट कल्याण मार्ग पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने दोनों भाइयों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद और मंगलमय जीवन की कामना की।मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि बांके बिहारी की कृपा दोनों भाइयों पर बनी रहे और उनके दादा, पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह (बाबूजी) का आशीर्वाद सदैव मिलता रहे। उन्होंने समारोह में मौजूद लोगों से भी दोनों भाइयों को आशीर्वाद देने की अपील की और परिवार के प्रति लोगों के स्नेह के लिए आभार जताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दोनों भाइयों को उपहार भी भेंट किए।योगी आदित्यनाथ दोपहर करीब 3रू45 बजे राजकीय हेलीकॉप्टर से अलीगढ़ पहुंचे। शाम करीब 4रू17 बजे उन्होंने मंच से संबोधन किया और लगभग 4:30 बजे आगरा के लिए रवाना हो गए।समारोह में संदीप सिंह का मेघना और सौरभ सिंह का अंतरा के साथ तिलक एवं सगाई कार्यक्रम संपन्न हुआ। दोनों भाई पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के पौत्र और पूर्व सांसद राजवीर सिंह के पुत्र हैं।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, लक्ष्मी नारायण चैधरी, एसपी सिंह बघेल, जयवीर सिंह, दयाशंकर सिंह, सांसद सतीश गौतम, सुरेंद्र दिलेर, विधायक अनिल पाराशर, राजकुमार सहयोगी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना पश्चिम शरीरा एवं थाना महेवाघाट में की गयी जनसुनवाई



मोर्निंग सिटी संवाददाता

कौशाम्बी -थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी श्री सत्यनारायण द्वारा थाना पश्चिम शरीरा एवं थाना महेवाघाट में जनसुनवाई की गई। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों में से कुछ का मौके पर निस्तारण किया गया एवं शेष प्रार्थना पत्रों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गयामहोदय द्वारा राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर संयुक्त टीम के माध्यम से मौके पर जाकर भूमि विवादों सहित अन्य शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता बनाए रखने तथा प्रत्येक प्रार्थना पत्र पर नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

समाधान दिवस में आयुक्त और डीआईजी ने सुनीं जनसमस्याएं

नरैनी में पांचों शिकायतों का मौके पर निस्तारण

मोर्निंग सिटी संवाददाता



नरैनी (बांदा)। जनशिकायतों के त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण को लेकर प्रशासन ने गंभीरता दिखाई। शनिवार को चित्रकूटधाम मंडल के आयुक्त अजीत कुमार और पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस ने थाना नरैनी में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान प्राप्त पांचों शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान में पारदर्शिता, निष्पक्षता और विभागीय समन्वय को प्राथमिकता दी जाए।

आयुक्त अजीत कुमार ने कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में पुलिस और राजस्व विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। शिकायतकर्ता को केवल औपचारिक कार्रवाई नहीं, बल्कि वास्तविक राहत मिलनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में अनावश्यक देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डीआईजी राजेश एस ने राजस्व संबंधी मामलों में पुलिस को अनावश्यक हस्तक्षेप से बचने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर विवाद का समाधान करे, जिससे निष्पक्ष कार्रवाई के साथ शिकायतकताओं को राहत मिल सके।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवराज ने थाना अतर्रा में समाधान दिवस के दौरान जनसुनवाई की। यहां कुल छह शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से एक का क्षेत्राधिकारी अमरनाथ गुप्ता के साथ मौके पर ही निस्तारण कराया गया। शेष शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

वहीं क्षेत्राधिकारी बबेरू कृष्णकांत त्रिपाठी ने थाना बिसंडा में समाधान दिवस के दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनीं और कई प्रकरणों का निस्तारण कराया। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि पुलिस और राजस्व से जुड़े मामलों में संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल के साथ संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचें। शिकायत की प्रकृति के अनुसार कार्रवाई करते हुए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

अलीगढ़ में 2.05 लाख से अधिक घरौनियां तैयार, 1,152 गांवों का ड्रोन सर्वे पूरा

मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़, 14 नवंबर। स्वामित्व योजना के तहत अलीगढ़ जिले में अब तक 2,05,814 घरौनियां तैयार की जा चुकी हैं। ग्रामीण परिवारों को उनकी आवासीय संपत्तियों का अभिलेखीय अधिकार दिलाने के उद्देश्य से संचालित इस योजना में जिला प्रशासन तेजी से कार्य कर रहा है।अपर जिलाधिकारी प्रशासन सौरभ भट्ट ने बताया कि जिले के सभी 1,152 प्रकाशित गांवों में चूना मार्किंग और ड्रोन सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है। इनमें से 1,146 गांवों के मानचित्र-1 भारतीय सर्वेक्षण विभाग, लखनऊ को भेजे जा चुके हैं। शेष छह गांवों में तहसील कोल के चार गांव नगरीय क्षेत्र में आने के कारण उनके मानचित्र प्राप्त नहीं हुए हैं, जबकि दो गांवों के मानचित्रों में मिली तकनीकी त्रुटियों को दूर कराने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि जिले के सभी गांवों का जमीनी सत्यापन भी पूरा हो चुका है। वर्तमान में 957 राजस्व गांवों के प्रपत्र-7 तहसीलों के ऑनलाइन खाते पर उपलब्ध हो चुके हैं। इन गांवों में लेखपालों के माध्यम से आपत्ति अथवा अनापत्ति प्राप्त करने के बाद प्रपत्र-10 के तहत घरौनी तैयार करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है।अपर जिलाधिकारी ने बताया कि स्वामित्व योजना से ग्रामीण परिवारों को उनकी आवासीय संपत्ति का अभिलेखीय अधिकार मिलेगा। इससे भविष्य में संपत्ति संबंधी विवादों के समाधान और संपत्ति के बेहतर उपयोग में भी मदद मिलेगी। योजना की प्रगति की जिला स्तर पर नियमित समीक्षा की जा रही है, ताकि तकनीकी और प्रक्रियागत कमियों को दूर कर पात्र ग्रामीणों को समय से लाभ पहुंचाया जा सके।

सीबी गुप्ता सरस्वती विद्यापीठ में प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। सिंगारपुर स्थित सीबी गुप्ता सरस्वती विद्यापीठ में शनिवार को भारतीय शिक्षा समिति, ब्रज प्रदेश के तत्वावधान में तीन दिवसीय प्रांतीय शिशु वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन, गणेश वंदना और अतिथियों के स्वागत के साथ हुई।मुख्य अतिथि सुनील पाली और विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कपिल कुमार शर्मा सहित अन्य अतिथियों ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद विद्यालय के एनसीसी दल ने परेड प्रस्तुत की और विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने पद संचलन किया। नन्हे खिलाड़ियों ने मशाल लेकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। सभी खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन और निष्पक्षता के साथ खेलने की शपथ भी दिलाई गई।विशिष्ट अतिथि कपिल कुमार शर्मा ने कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रधानाचार्य योगेश कुमार ने सभी प्रतिभागियों से उत्साहपूर्वक प्रतियोगिताओं में भाग लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर आचार्य सुरेंद्र कुमार, डॉ. सुरेंद्र पाल सिंह, मनवीर सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, निर्णायक और संरक्षक उपस्थित रहे।

गोरई क्षेत्र में एक रात में चार किसानों की ट्यूबवेलों को बनाया निशाना

मोर्निंग सिटी संवाददाता

गोरई (अलीगढ़)। थाना क्षेत्र के गांव बास वाली और गढ़ी बुचा में शुक्रवार देर रात चोरों ने चार किसानों की ट्यूबवेलों को निशाना बनाया। चोरों ने ट्यूबवेलों की बिजली की केबल काटकर चोरी कर ली। एक स्थान पर ग्रामीणों के जागने से चोर बिना चोरी किए ही भाग गए। लगातार हो रही घटनाओं से किसानों में दहशत है।गांव बास वाली निवासी मोनू पुत्र बनवारी लाल ने बताया कि चोर उनके खेत में लगी ट्यूबवेल की केबल काटकर ले गए। सुबह खेत पर पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। वहीं, गढ़ी बुचा निवासी ओमप्रकाश उर्फ भूरा पुत्र रामशरण की ट्यूबवेल की दीवार काटने का प्रयास किया गया, लेकिन ग्रामीणों की आहट मिलने पर चोर भाग निकले।इसके अलावा बास वाली गांव के रामवीर पुत्र बोला और सुखराम पुत्र वासदेव की ट्यूबवेलों को भी चोरों ने निशाना बनाया। केबल चोरी होने से किसानों की सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो गई है।ग्रामीणों का कहना है कि गोरई में थाना बनने के बाद भी चोरी की घटनाएं नहीं रुक रही हैं। लगातार वारदातों के चलते किसान रात में अपने खेतों पर पहरा देने और वहीं सोने को मजबूर हैं। उन्होंने पुलिस से गश्त बढ़ाने और चोरों की पहचान कर कार्रवाई करने की मांग की है।

आरपीएम पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना बाल दिवस, बाल मेले में बच्चों ने दिखाया उत्साह

मोर्निंग सिटी संवाददाता



हाथरस। बाल दिवस के अवसर पर आरपीएम पब्लिक स्कूल में भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की निदेशक क्षमा शर्मा ने फीता काटकर किया। मेले में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे विद्यालय परिसर में उल्लास का माहौल रहा।बाल मेले में खानपान और खेलकूद से जुड़ी विभिन्न स्टॉल लगाई गईं। बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेने के साथ विभिन्न खेलों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय के संस्थापक डॉ. उमाशंकर शर्मा और मुख्य अतिथि एससी शर्मा ने स्टॉलों का निरीक्षण कर विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।इस अवसर पर प्रधानाध्यापक विजय कुमार पचैरी, उपप्रधानाचार्य गौरी शंकर शर्मा, उपप्रधानाचार्या चंदना वांठिया, खेलकूद एवं अनुशासन प्रमुख चंद्रकांत शर्मा सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। आयोजन के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई के साथ मनोरंजन, आपसी मेलजोल और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला।

श्री माधव पब्लिक स्कूल में बाल मेले का आयोजन, बच्चों ने संभाली दुकानों की कमान

मोर्निंग सिटी संवाददाता



खैर। बिहारीपुर स्थित श्री माधव पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने बाल मेले का आयोजन किया। छोटे-छोटे बच्चों ने चाट, भेलपुरी, पेस्ट्री, लस्सी, दही बड़े, पानीपुरी, बर्गर, सैंडविच, समोसा, मैगी और अन्य व्यंजनों की दुकानें लगाकर व्यापारी की भूमिका निभाई। बच्चों ने सामान की बिक्री के साथ हिसाब-किताब और ग्राहकों से व्यवहार करने का अनुभव भी प्राप्त किया।मेले का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्य रश्मि शर्मा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शर्मा ने कहा कि बाल मेला बच्चों के लिए सीखने का अच्छा माध्यम है। इससे उनमें आत्मविश्वास, व्यापार की समझ, टीम भावना, ईमानदारी और व्यवहार कुशलता का विकास होता है। बच्चे खेल-खेल में जीवन के व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करते हैं।अध्यापिका प्रतिमा शर्मा और रजनी कुमारी के नेतृत्व में मेले का सफल आयोजन हुआ। संयोजिका तनिष्का शर्मा और रूबी तिवारी रहीं, जबकि गोपाल भारद्वाज, शिवांश भारद्वाज, अनन्या तिवारी, पारस शर्मा और आरव तिवारी ने सहसंयोजक की भूमिका निभाई। विभिन्न दुकानों का संचालन करने वाले विद्यार्थियों ने बिक्री से मुनाफा कमाया और उत्साह के साथ मेले का आनंद लिया।

ऑनलाइन बुकिंग के बाद भी बीज को तरसे किसान, आयुक्त ने दिखाई सख्ती

मोर्निंग सिटी संवाददाता



नरैनी (बांदा)। किसानों को खाद और प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने में लापरवाही पर मंडलायुक्त अजीत कुमार ने सख्त रुख अपनाया है। शनिवार को उन्होंने नरैनी स्थित क्रय-विक्रय सहकारी समिति केंद्र और राजकीय बीज भंडार का औचक निरीक्षण कर वितरण व्यवस्था की हकीकत परखी। ऑनलाइन बुकिंग के बावजूद किसानों को समय से बीज नहीं मिलने की शिकायत पर नाराजगी जताते हुए संबंधित बीज गोदाम प्रभारी से स्पष्टीकरण लेने और जांच में दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान नरैनी क्रय-विक्रय सहकारी समिति केंद्र पर डीएपी और यूरिया की उपलब्धता काफी कम मिली। केंद्र प्रभारी ने बताया कि दोनों उर्वरकों की लगभग 10 से 15 बोरियां उपलब्ध हैं, जबकि एनपीके पर्याप्त मात्रा में मौजूद है। मांग के सापेक्ष डीएपी और यूरिया की कमी पर आयुक्त ने सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता बांदा को जल्द आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद उपलब्ध होते ही किसानों की जरूरत के अनुसार उसका वितरण किया जाए। मौके पर मौजूद किसानों ने खाद मिलने और वितरण व्यवस्था पर संतोष जताया।

आयुक्त ने केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया कि उर्वरकों के स्टॉक और निर्धारित बिक्री दरों का स्पष्ट प्रदर्शन किया जाए। खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी, निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली और अनिवार्य टैगिंग जैसी अनियमितताओं पर लगातार निगरानी रखी जाए, ताकि किसानों का शोषण न हो।

इसके बाद आयुक्त ने राजकीय बीज भंडार नरैनी का निरीक्षण किया। यहां किसानों ने शिकायत की कि ऑनलाइन बुकिंग कराने के बावजूद उन्हें निर्धारित समय पर बीज उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। सर्वर नहीं चलने का हवाला देकर किसानों को बार-बार वापस कर दिया जाता है। किसानों की परेशानी सुनकर आयुक्त ने नाराजगी जताई और संबंधित बीज गोदाम प्रभारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। साथ ही जांच में लापरवाही की पुष्टि होने पर कठोर कार्रवाई करने को कहा।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऑनलाइन बुकिंग कराने वाले किसानों को निर्धारित समय पर बीज उपलब्ध कराया जाए। सर्वर संबंधी तकनीकी समस्या आने पर संबंधित तकनीकी अधिकारियों से समन्वय कर तत्काल समाधान कराया जाए। तकनीकी खामी का बहाना बनाकर किसानों को बार-बार भटकाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बीज भंडार में उपलब्ध स्टॉक और वितरण की स्थिति भी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाए।

आयुक्त अजीत कुमार ने कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि रबी फसलों की बुवाई को देखते हुए किसानों को खाद और प्रमाणित बीज समय से उपलब्ध कराया जाए। वितरण केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने के साथ किसानों की शिकायतों का तत्काल गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि खाद और बीज की उपलब्धता प्रशासन की प्राथमिकता है। इस व्यवस्था में लापरवाही या उदासीनता मिलने पर संबंधित अधिकारी और कर्मचारी की जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाएगी।

अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना कड़ाधाम में की गई जनसुनवाई



मोर्निंग सिटी संवाददाता

कौशाम्बी - थाना समाधान दिवस के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी श्रीमती अमिता सिंह द्वारा थाना कड़ाधाम में जनसुनवाई की गई। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को प्राप्त प्रार्थना पत्रों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गयाअपर पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर संयुक्त टीम के माध्यम से मौके पर जाकर भूमि विवादों सहित अन्य शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता बनाए रखने तथा प्रत्येक प्रार्थना पत्र पर नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

*यातायात माह के तहत कौशाम्बी पुलिस का जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा अभियान, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में कराए गए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

मोर्निंग सिटी संवाददाता



कौशाम्बी को यातायात माह नवंबर-2026 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी श्री सत्यनारायण के निर्देशन में कौशाम्बी पुलिस द्वारा जनपद में यातायात जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गयाअभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम क्षेत्रान्तर्गत श्री छेदीलाल राजाराम साहू इंटर कॉलेज, कमालपुर देवीगंज में कौशाम्बी पुलिस की यातायात टीम द्वारा छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित लोगों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा के उपायों एवं यातायात संकेतों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन, ठलअक काउंसलर, यातायात निरीक्षक एवं यातायात पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

इसी क्रम में थाना कौशाम्बी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों एवं दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील मोड़ों पर पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के सहयोग से रम्बल स्ट्रिप, रिफ्लेक्टर बोर्ड एवं चेतावनी बोर्ड लगवाए गए। साथ ही पुलिस टीम द्वारा स्थानीय नागरिकों एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गयाकौशाम्बी पुलिस द्वारा यातायात माह के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने एवं आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।

नेहरू जयंती पर कांग्रेस ने बच्चों संग मनाया बाल दिवस, फल-टॉफी बांटकर बढ़ाया नन्हे हुनर का उत्साह

मोर्निंग सिटी संवाददाता



बांदा (उत्तर प्रदेश)। आधुनिक भारत के निमार्ता एवं देश के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी ने बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय स्थित अवस्थी धर्मशाला, स्टेशन रोड तथा खुटला स्थित डॉ. लोहिया बाल विद्या मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान नेहरू जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया गया। वहीं बच्चों को फल और टॉफियां वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान और राष्ट्र निर्माण की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के सानिध्य में नेहरू जी ने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाई और दस वर्ष से अधिक समय जेल में बिताया। आजादी के बाद देश के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने और देश के चहुंमुखी विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी योगदान के कारण उन्हें आधुनिक भारत का निमार्ता कहा जाता है। इसके बाद कांग्रेस पदाधिकारियों का दल खुटला स्थित डॉ. लोहिया बाल विद्या मंदिर पहुंचा, जहां बच्चों के बीच फल और टॉफियां वितरित कर बाल दिवस मनाया गया। विद्यालय प्रबंधक आचार्य वृंदावन वैश्य एवं विद्यालय स्टाफ ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष का माल्यार्पण और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। विद्यालय परिसर में बच्चों द्वारा लगाए गए विभिन्न खाद्य सामग्री के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे।

छोटी खबरें

प्लॉट से कार लेने जा रहे युवक पर हमला

मोर्निंग सिटी संवाददाता

हाथरस। कोतवाली सासनी क्षेत्र में प्लॉट से कार लेने जा रहे एक युवक पर सात लोगों द्वारा अचानक हमला कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, अमीरुद्दीन शाह निवासी लोनी गाजियाबाद 13 नवंबर 2026 की रात करीब आठ बजे अपने दामाद आरिफ शाह निवासी रघनिया के साथ उनके प्लॉट से कार लेने जा रहे थे। इसी दौरान इरफान पुत्र इंतजार, धीरज, आसिफ, गुल्लू, राशिद, नीरज और उनके साथ मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने अचानक उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने आरिफ को जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से जमकर पीटा। शिकायतकर्ता के अनुसार, जब उन्होंने बीच-बचाव कर आरिफ को बचाने का प्रयास किया तो एक युवक उनका मोबाइल फोन छीनकर ले गया। बाद में मोबाइल टूटी हुई हालत में वापस मिला। घटना के बाद पीड़ित ने प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर पूरे मामले की सुनवाई कर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सीएमओ ने सीएचसी सिकंदराराऊ का किया औचक निरीक्षण

मोर्निंग सिटी संवाददाता



हाथरस। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ वेद प्रकाश ने शनिवार दोपहर सिकंदराराऊ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ को जानकारी दी गई कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत ओपीडी में आए सभी 337 मरीजों का आभा आधारित पंजीकरण पूर्ण कराया जा चुका है। इस दौरान प्रसूति वार्ड में भर्ती दो प्रसूताओं से अस्पताल के सेवाओं के बारे में फीडबैक लेने पर दोनों ने संतोषजनक प्रतिक्रिया दी। साथ ही किसी भी मरीज को निजी दुकान से दवाएं खरीदने के लिए नहीं कहा गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में तैनात सभी कार्मिक अपनी ड्यूटी पर पाए गए। इस दौरान ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट और फार्मेसी में कुछ स्थानों पर गंदगी पाए जाने पर सीएमओ ने चिकित्सा अधीक्षक को तत्काल सफाई कराने के निर्देश देते हुए कहा कि वे प्रतिदिन कम से कम दो बार अस्पताल का भ्रमण कर साफ-सफाई सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त सीएमओ को अस्पताल में लगा वाटर कूलर एक सप्ताह से खराब मिला, जिसे तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए गए।

खीरी थाना दिवस में जनसुनवाई हुई: दूसरे शनिवार को लेखपाल और जमीन विवाद से जुड़े लोग पहुंचे

मोर्निंग सिटी संवाददाता

खीरी थाने में माह के दूसरे शनिवार को थाना दिवस पर जनसुनवाई हुई। इसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्रा ने की। मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल, पुलिसकर्मी और नगर पंचायत के कमचारी मौजूद रहे। बैठक में ग्रामीण और शहरी इलाकों के जमीन विवादों पर बात हुई। बताया गया कि क्षेत्र में छोटी-मोटी घटनाओं की जानकारी मिलने पर लेखपाल तुरंत ध्यान देते हैं। थाना प्रभारी बृजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम चल रहा है और अब तक दो शिकायतें मिली हैं। उन्होंने शिकायतों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। ग्रामीण सुरेश ने कहा कि थाना दिवस पर लोगों को फायदा होता है, क्योंकि क्षेत्र के सभी लेखपाल थाने में मिल जाते हैं।

कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बृजेश कुमार मौर्य का कस्बा खीरी में भव्य स्वागत

मोर्निंग सिटी संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बृजेश कुमार मौर्य शुक्रवार को कस्बा खीरी पहुंचे, जहां उनका फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कस्बा खीरी में मकदूम साहब की मजार के निकट मैदान में आयोजित स्वागत समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता समेत भारतीय जनता पार्टी के तमाम नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन युवा नेता शहनवाज अरशद की ओर से किया गया।समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बृजेश कुमार मौर्य ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं और उनके उद्देश्यों से अवगत कराते हुए पार्टी की विचारधारा और विकास कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद कई लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की। कार्यक्रम के समापन के बाद बृजेश कुमार मौर्य युवा नेता शहनवाज अरशद के आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने कस्बे के कई लोगों से मुलाकात कर बातचीत की इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों के प्रति लोगों ने अपनी आस्था व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि बहुत से लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने की इच्छा जताई है और पार्टी में सभी का स्वागत है। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में लोग ?

लखीमपुर खीरी के बेल खुर्द मे मां की मौत के 24 घंटे बाद बेटे ने किया सुसाइड

मोर्निंग सिटी संवाददाता

लखीमपुर खीरी के बेल खुर्द गांव में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां मां के निधन का सदमा न सह पाने के कारण 21 वर्षीय बेटे ने भी आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार, युवक ने अपनी दिवंगत मां की ही साड़ी से फंदा लगाकर जान देने की कोशिश की, जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। दो दिनों के भीतर मां और बेटे की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है मृतक के भाई रमेश कुमार ने शनिवार, 14 नवंबर को बताया कि उनकी मां पिछले कुछ समय से सांस की गंभीर बीमारी से पीड़ित थीं। उपचार के बावजूद 12 नवंबर को उनका निधन हो गया था। मां की मौत के बाद से ही सात भाई-बहनों में सबसे छोटा सुनील कुमार (21) गहरे सदमे में था और बेहद दुखी रहता था। वह किसी से ज्यादा बातचीत भी नहीं कर रहा था। मां का कमरा बद कर करा सुसाइड रमेश ने बताया कि 13 नवंबर की शाम को सुनील अचानक अपनी मां के कमरे में गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक जब वह बाहर नहीं निकला, तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। युवक को फंदे पर छटपटाते हुए देखा परिजनों ने आनन-फानन में उसे फंदे से नीचे उतारा और गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल ओयल, लखीमपुर लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसे बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन उपचार के दौरान सुनील ने दम तोड़ दिया। सबसे दुखद पहलू यह रहा कि शनिवार को ही परिवार में दिवंगत मां की अस्थियां चुनने की रस्म अदा की जानी थी, लेकिन उससे पहले ही छोटे बेटे की अर्थी उठने की नौबत आ गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

अब्दुल्ला नगर चौराहे पर सफाई कर्मियों में खूनी संघर्ष, एक की मौत

मोर्निंग सिटी संवाददाता

पिहानी (हरदोई)। कोतवाली क्षेत्र के अब्दुल्ला नगर चौराहे पर दिनदहाड़े दो सफाई कर्मियों के बीच हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। मारपीट के दौरान एक सफाई कर्मी ने दूसरे के सिर पर डंडे और तसले से ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल मोती वाल्मीकि ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। बताया जाता है कि आरोपी सफाई कर्मी सरेहजू क्षेत्र का निवासी है, जबकि मृतक मोती वाल्मीकि अब्दुल्ला नगर का रहने वाला था। चौराहे पर हुई वारदात के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना के समय लोग तमाशबीन बने रहे और किसी ने बीच-बचाव नहीं किया। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी श्याम नारायण सिंह और हलका प्रभारी गौरव कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर मामले की जानकारी जुटाई।

बिसंडा गौशाला में गोवंशों की दुर्दशा का आरोप, मृत पशुओं को नोच रहे कुत्ते तो जिंदा गोवंश चारे को मोहताज; नगर पंचायत की व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल







बांदा। गौवंशों के संरक्षण और सेवा के नाम पर संचालित बिसंडा नगर पंचायत की गौशाला की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने अपनी टीम के साथ गौशाला का औचक निरीक्षण कर बदहाली का आरोप लगाया। समिति का दावा है कि गौशाला में मृत गोवंशों को खुले गड्ढे में फेंका जा रहा है, जहां कुत्ते उनके शवों को नोच रहे हैं। वहीं जीवित गोवंशों को कथित तौर पर सिर्फ सूखी पराली खिलाई जा रही है। निरीक्षण के दौरान सामने आई स्थिति ने गौशाला प्रबंधन और नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मृत गोवंशों के शव खुले में, निस्तारण व्यवस्था पर सवाल

महेश कुमार प्रजापति के अनुसार, गौशाला के पीछे मृत गोवंशों के शव खुले गड्ढे में पड़े मिले। उनका आरोप है कि मृत पशुओं के सम्मानजनक निस्तारण की व्यवस्था नहीं की गई है और खुले में पड़े शवों को कुत्ते नोच रहे हैं। यदि यह स्थिति सही पाई जाती है तो यह पशु कल्याण व्यवस्था और स्वच्छता, दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

समिति ने आरोप लगाया कि गौशाला में गोवंशों को पर्याप्त पौष्टिक आहार नहीं मिल रहा है। हरे चारे और अन्य जरूरी पोषण सामग्री के अभाव में कई गोवंश कमजोर और कुपोषित नजर आए। कुछ पशुओं के बीमार होने की बात भी कही गई। समिति का सवाल है कि जब गौशाला के संचालन के लिए सरकारी धनराशि उपलब्ध कराई जाती है, तो गोवंशों के चारे, उपचार और देखभाल में कमी क्यों दिखाई दे रही है?

लाखों के बजट पर सवाल, जिम्मेदारों से मांगा हिसाब

जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने नगर पंचायत के जिम्मेदारों से सवाल किया कि गौशाला के लिए मिलने वाली सरकारी धनराशि आखिर कहां खर्च हो रही है? गोवंशों को पर्याप्त चारा क्यों नहीं मिल रहा और मृत पशुओं के निस्तारण की उचित व्यवस्था क्यों नहीं है? उन्होंने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी, संबंधित लिपिक दिनेश सिंह और चेयरमैन की भूमिका की जांच कराने की मांग उठाई। हालांकि, इन लोगों के विरुद्ध लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना अभी बाकी है।

महेश कुमार प्रजापति ने कहा कि गौशाला में गोवंशों की ऐसी स्थिति किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। गौ सेवा के नाम पर सरकारी धन खर्च होने के बावजूद यदि पशु भूख और बीमारी से जूझ रहे हैं तो यह गंभीर जवाबदेही का विषय है। उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

छह सूत्रीय मांगों के साथ कार्रवाई की मांग

विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति ने प्रशासन के सामने छह प्रमुख मांगें रखीं–

1. मृत गोवंशों को खुले में फेंकने पर तत्काल रोक लगाकर सम्मानजनक निस्तारण की व्यवस्था की जाए।
2. गोवंशों के लिए हरा चारा, भूसा, गुड़, दाल और अन्य पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाए।
3. कुपोषित और बीमार गोवंशों के उपचार के लिए पशु चिकित्सकों की टीम भेजी जाए।
4. गौशाला के बजट और खर्च की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा वित्तीय विवरण सार्वजनिक किया जाए।
5. गौशाला में सीसीटीवी कैमरे, स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई और छाया की समुचित व्यवस्था की जाए।
6. जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ निलंबन एवं एफआईआर सहित कठोर कार्रवाई की जाए।

अब प्रशासन की जवाबदेही की बारी

बिसंडा गौशाला की बदहाली को लेकर उठे इन सवालों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यदि निरीक्षण में लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि बेजुबान गोवंशों के संरक्षण की जिम्मेदारी में गंभीर चूक होगी। अब निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि वह गौशाला की वास्तविक स्थिति की निष्पक्ष जांच कराएगा या फिर गोवंशों की दुर्दशा यूं ही जारी रहेगी। महेश कुमार प्रजापति ने दो टूक कहा कि गौवंशों की दुर्दशा बर्दाश्त नहीं की जाएगी और गौ सेवा के नाम पर किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को उजागर किया जाएगा।

छेड़छाड़ के विवाद को लेकर दो पक्षों में पथराव, 22 हिरासत में

मोर्निंग सिटी संवाददाता



हाथरस। सासनी क्षेत्र के गांव रघनियां में एक महिला से छेड़छाड़ और मारपीट के पुराने विवाद को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गये। इस दौरान दोनों ओर से जमकर हुए पथराव में घायल तो कोई नहीं हुआ मगर पुलिस ने बाइस लोगों को हवालात की हवा खिला दी। शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार, गांव के नासिर खान पुत्र छोटे खान ने गत 10 नवंबर को कोतवाली में शिकायत दी थी। शिकायत में आरोप था कि उनकी पत्नी रिंकी घरेलू सामान खरीदने दुकान जा रही थीं, तभी रास्ते में पृथ्वी पुत्र सुल्तान खान, जाहिद, शाहबाज, आला और गुल्ला ने उन्हें रोक लिया। शिकायत में कहा गया था कि नामजदों ने रिंकी से छेड़छाड़ और अभद्रता की और उनके कपड़े फाड़े तथा मारपीट कर घायल कर दिया। उनकी आवाज सुनकर नासिर और उनके परिजन बचाव के लिए पहुंचे, तो आरोपियों ने उनसे भी मारपीट की। बताते हैं कि शुक्रवार की शाम इसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों आमने सामने आ गये। पहले तो दोनों पक्षों में बहस हुई। फिर थोडी ही देर में दोनों ओर से पथराव शुरू हो गया। घटना की सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक विपिन चौधरी मय पुलिस बल के मौके पर पहुंच गईं और स्थिति पर नियंत्रण कर लिया। प्रभारी निरीक्षक विपिन चौधरी ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर अलग-अलग धाराओं में केस दर्ज किया गया है। शांति भंग की आशंका में पुलिस ने 14 महिलाओं और 8 पुरुषों समेत 22 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गीतांजलि इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

मोर्निंग सिटी संवाददाता



हाथरस। सासनी क्षेत्र के नगला ताल स्थित गीतांजलि इंटर कॉलेज में भारत केप्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई गई। इसमें बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ चाचा नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देकर किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित नेहरू ने देश के प्रति त्याग, समर्पण और सेवा की जो मिसाल पेश की है, वह आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करती रहेगी। कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राओं ने भी चाचा नेहरू को श्रद्धापूर्वक याद किया। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य गौरव शर्मा ने की और संचालन दिनेश शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पंडित रामनिवास उपाध्याय, राजीव पाठक समेत विद्यालय का स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

साइबर अपराध से बचाव के सम्बन्ध में जनपदीय साइबर सेल / साइबर क्राइम थाना टीम द्वारा रानी देवी रामअभिलाष सिंह इण्टर कॉलेज,भगत का पुरा

मोर्निंग सिटी संवाददाता



कौशाम्बी -महानिदेशक, उ०प्र० लखनऊ द्वारा बढ़ते हुए साइबर क्राइम अपराध से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थानों जैसे स्कूल, कॉलेजो व अन्य सार्वजनिक स्थानों में साइबर अपराध से जागरूक करने हेतु निर्देश के क्रम मे जनपदीय साइबर सेल / साइबर क्राइम थाना टीम द्वारा रानी देवी रामअभिलाष सिंह इण्टर कॉलेज , भगत का पुरा, महेवाघाट में लगभग 600 छात्र/छात्राओं को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध से सम्बन्धित अपराध के बारे में बताया व जागरूक किया गया और गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही साइबर हेल्प लाईन नंबर 1930 वा **www.cybercrime.gov.in** के बारे में जानकारी दी गई, जिस पर तत्काल कॉल वा वेबसाईट में जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराने के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जिससे आमजनमानस साइबर फ्रॉड से बच सके । कार्यशाला में बताया गया कि प्रलोभन में आने के चलते लोग अपनी जिंदगी भर की कमाई खो बैठते हैं। इसलिए किसी भी प्रलोभन में न आएं। उन्होंने बैंक से संबंधित, क्यूआर कोड स्कैन, वाट्सएप हैक, ओएलएक्स के माध्यम से ठगी, केवाइसी, हनी ट्रेपिंग, डुप्लीकेट एप, आनलाइन लोन स्कैम, केबीसी, इंटरनेट मीडिया से ठगी, एटीएम, सेक्सटार्शन, कंप्यूटर संबंधी फ्राड और बचाव के संबंध में जानकारी दी गयी व साइबर ठगी होने पर 1930 पर सूचना देने की अपील की गयी हमें जागरूक रहने की जरूरत हैसाइबर अपराध होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें।

एवं वेबसाइट **www.cybercrime.gov.in** पर शिकायत दर्ज करें ।

ब्रह्म विज्ञान इंटर कॉलेज में बच्चों ने लगाए आकर्षक स्टॉल

मोर्निंग सिटी संवाददाता



अतर्रा (बांदा)। देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के निमार्ता पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में ब्रह्म विज्ञान इंटर कॉलेज, अतर्रा में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बच्चों के लिए खेलकूद सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवदत्त त्रिपाठी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। साथ ही बच्चों को पुस्तकें वितरित कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शिवदत्त त्रिपाठी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन, व्यक्तित्व और देश के स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नेहरू जी का जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद (प्रयागराज) में हुआ था। उनके पिता पंडित मोतीलाल नेहरू स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में शामिल थे, जबकि उनकी माता का नाम कमला नेहरू था। नेहरू जी का पैतृक आवास आनंद भवन आज भी इलाहाबाद में ऐतिहासिक धरोहर के रूप में स्थित है। उन्होंने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' के माध्यम से भारतीय इतिहास और संस्कृति को भी व्यापक पहचान दिलाई। बच्चों के प्रति विशेष स्नेह के कारण लोग उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहते थे। उन्हीं के जन्मदिन को देशभर में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस अवसर पर राजेंद्र कुमार, वीरेंद्र दीक्षित और रवींद्र सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बच्चों को शिक्षा, अनुशासन और रचनात्मक गतिविधियों के प्रति प्रेरित किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों अरुण कुमार, चेतराम, गिरजेश मिश्र, सुशील कुमार, श्याम निगम, राममिलन यादव, सुरेंद्र शर्मा, सोमनाथ, कमलेश कुमार, सुरेश चंद्र, अलका सिंह, मधु सविता सहित अन्य शिक्षकों ने नेहरू जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में बच्चों ने विभिन्न दुकानों के स्टॉल लगाकर अपनी रचनात्मकता और व्यावहारिक कौशल का परिचय दिया। खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को पुस्तकें भेंटकर सम्मानित किया। वहीं सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों को भी पेन वितरित कर प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में शिक्षा, रचनात्मकता, आत्मविश्वास और आपसी सहयोग की भावना विकसित करना रहा। विद्यालय परिसर पूरे दिन बच्चों के उत्साह और उमंग से गुलजार रहा।

16 नवंबर से शुरू होगी स्व-गणना की प्रक्रिया, एसडीएम ने दिए नागरिकों को जागरूक करने के निर्देश

मोर्निंग सिटी संवाददाता



हाथरस। जनगणना-2027 के दूसरे चरण को सही और बिना किसी गलती के पूरा कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। शनिवार को सासनी तहसील स्थित सभागार में एसडीएम शिवप्रकाश यादव की अध्यक्षता में सभी जनगणना सुपरवाइजरों की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक में उपजिलाधिकारी शिवप्रकाश यादव ने 16 नवंबर से शुरू होने जा रही स्व-गणना की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की। बैठक को सम्बोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि जनगणना बेहद जरूरी राष्ट्रीय कार्य है और इसी के आंकड़ों से भविष्य की विकास योजनाएं बनती हैं। उन्होंने सुपरवाइजरों को निर्देश दिए कि वे आम लोगों को ऑनलाइन माध्यम से खुद अपनी जानकारी दर्ज करने के लिए प्रेरित करें ताकि काम में तेजी और पारदर्शिता बनी रहे। इस दौरान तहसीलदार सोनू बघेल ने उपस्थित जनगणना सुपरवाइजरों को पोर्टल चलाने और अन्य तकनीकी बारीकियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सुपरवाइजर अपने क्षेत्र के गणना करने वालों से लगातार संपर्क में रहें और यह तय करें कि किसी भी परिवार को ऑनलाइन जानकारी भरने में कोई दिक्कत न आए। बैठक के अंत में सभी को समय पर और जिम्मेदारी से काम पूरा करने की हिदायत दी गई। बैठक में लेखपाल, कानूनगोऔर अन्य जनगणना कर्मी मौजूद रहे।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार चार लोग घायल

मोर्निंग सिटी संवाददाता



हाथरस। सासनी क्षेत्रान्तर्गत सासनी-नानऊ रोड स्थित गांव खिटौली में पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां हालत गंभीर होने के कारण उन्हें अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार को गांव खोरना निवासी सुनील पुत्र हरदयाल सिंह अपनी पत्नी आरती (22) तथा पंद्रह वर्षीय भतीजी दीप्ति पुत्री भीष्मपाल और तीन साल की बेटी पल्लवी के साथ अपनी ससुराल अलीगढ़ के गांव जलाली पिलखना से वापस अपने गांव लौट रहे थे। बताते हैं कि जैसे ही उसकी बाइक खिटौली पंप के पास पहुँची, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रैक्टर ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सड़क पर गिर गई और बाइक पर सवार चारों लोग सड़क पर दूर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। घटना में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड जुट गई। लोगों ने 108 एंबुलेंस सेवा और डायल 112 पर पुलिस को हादसे की सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और एंबुलेंस पहुंच गई। लोगों की मदद से पुलिस ने सभी घायलों को सासनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया गया। जहां हालत गंभीर होने के कारण आरती और उनकी भतीजी दीप्ति हायर सेंटर मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ रेफर कर दिया। वहीं, बाइक चला रहे सुनील और उनकी छोटी बेटी पल्लवी को इस दुर्घटना में मामूली चोटें आईं, जिनका इलाज किया जा रहा है। इस बीच ट्रैक्टर चालक मौके का फायदा उठाकर भाग गया। फिलहाल पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है और फरार अज्ञात ट्रैक्टर चालक की तलाश में जुटी हुई है।

बाल दिवस पर बाल मेलों का आयोजन, महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ ने किया शुभारंभ

मोर्निंग सिटी संवाददाता



कासगंज। बाल दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती रेनू गौड़ ने विकास खंड कासगंज के कंपोजिट स्कूल किलोनी रफातपुर एवं प्राथमिक विद्यालय किसरौली में आयोजित बाल मेलों का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान विद्यालयों में बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला।

कंपोजिट स्कूल किलोनी रफातपुर पहुंचने पर राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ का शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार की ओर से पटका पहनाकर, बैज लगाकर और तिलक कर जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर रेनू गौड़ ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने बच्चों से परिचय प्राप्त किया और बाल मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। साथ ही बच्चों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की खरीदारी कर उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा और रचनात्मकता की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को उनके सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमित यादव ने किया।

इस अवसर पर अनीता सक्सेना, जयमाला वार्ष्णेय, सरिता यादव, दीप्ति यादव, पूर्णिमा, रश्मि, आशीष और नीलम सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। वहीं प्राथमिक विद्यालय किसरौली में अंजली गौतम, तृप्ति गौतम और पवन सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

रेलवे ट्रैक पर मिला 23 वर्षीय विवाहिता का शव, पति पर हत्या का आरोप



मोर्निंग सिटी संवाददाता



कासगंज। कासगंज में रेलवे ट्रैक पर शनिवार सुबह 23 वर्षीय विवाहिता का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका के परिजनों ने उसके पति पर हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर फेंकने का आरोप लगाया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल शुरू कर दी। फील्ड यूनिट की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं।

जानकारी के अनुसार, कासगंज-बाधारी रेलवे मार्ग पर किलोमीटर संख्या 243/20 और 243/19 के बीच शनिवार सुबह रामादेवी राजपूत का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। रामादेवी नगला वाले इलाके में अपने पति सुधाकर और तीन वर्षीय बेटे के साथ किराये के मकान में रहती थी। बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया कि पति सुधाकर शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता था। सुबह रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की जानकारी होते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, परिजनों की तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सीता स्वयंवर की कथा सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

मोर्निंग सिटी संवाददाता



गोला गोकर्णनाथ खीरी। कोटवारा गांव स्थित मां दुर्गा देवी मन्दिर पर हो रही द्वतीय श्रीरामकथा के चौथे दिन शनिवार को कथा व्यास पीयूष दीक्षित महाराज ने रामावतार से आगे विश्वामित्र के यज्ञ रक्षा व सीता स्वयंवर की मनमोहक कथा सुनायी। गुरु विश्वामित्र के साथ स्यंवर देखने पहुंचे राम व लक्ष्मण को देख जनकपुरवासी मोहित हो गए, नगरवासी आपस मे विचार करते हैं यह दोनों भाई सुकुमार हैं धनुहा कैसे तोड़ेंगे। शिवधनुष तोड़ सीता व श्रीराम के विवाह के साथ ही चारों भाइयों का विवाह हुआ, राजा जनक ने एक साथ चार पुत्रियों को विदा किया।इस भावुक प्रसंग को सुन यजमान राजकुमार मिश्रा सहित मौजूद सभी श्रोतागण अपनी सुधबुध खो जनकपुरवासी बन गए और इस आनन्ददायिनी कथा का रसपान किया। मिथलेश मिश्रा, लव मिश्रा, हिमांशु दीक्षित राहुल मिश्रा, शिव पूजन शर्मा, अर्पित दीक्षित, अनूप, राम प्रकाश सहित सैकड़ों श्रोतागण मौजूद रहे।

लायंस क्लब गोला के सहयोग से गौशाला में हुआ गौवंश का स्वास्थ्य परीक्षण

मोर्निंग सिटी संवाददाता



गोला गोकर्णनाथ खीरी। छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के कुम्हारन टोला स्थित श्री धमार्दा समिति गौशाला में आयोजित गोपाष्टमी महोत्सव के चौथे दिन लायंस क्लब गोला के सहयोग से गौवंश स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन एलडीवी बैंक, उत्तर प्रदेश सुर्जन लाल वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक सक्सेना ने गौमाता का पूजन कर किया। इस दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित मिश्रा ने गौशाला में मौजूद सभी 120 गौवंश का स्वास्थ्य परीक्षण किया। परीक्षण में सभी गौवंश स्वस्थ पाए गए। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित मिश्रा ने गौवंश को स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक जानकारी देते हुए बताया कि खुरपका-मुंहपका, गलघोंटू और लंपी जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए समय-समय पर टीकाकरण कराना आवश्यक है। इसके साथ ही गौवंश को पेट के कीड़ों से बचाने के लिए नियमित रूप से कृमिनाशक दवा (डीवॉर्मिंग) देनी चाहिए। उन्होंने इसके लिए बच्चों एवं वयस्क गौवंश को लगभग प्रत्येक 30 दिन में दवा देने की सलाह दी। इस अवसर पर लायंस क्लब अध्यक्ष तनुज भसीन, सचिव नीरज गुप्ता, सदस्य ललित विश्वास, राहुल गुप्ता, विजय सक्सेना, शिव गोपाल गुप्ता, श्याम राजपूत, तुषार अग्रवाल, श्याम सिंह कुशवाहा, डॉ. राम औतार यादव, नगर महामंत्री भाजपा धीरज बाजपेयी, पूर्व मंडल अध्यक्ष कुंभी रविन्द्र कटियार, राम कुमार वर्मा, विजय प्रकाश मिश्रा, लवकुश अवस्थी, सुरेन्द्र वर्मा, शत्रोहन मिश्रा, हिमांशु सिंह, काके सहगल एवं विमलेश वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय में लगा बाल मेला

मोर्निंग सिटी संवाददाता



कासगंज। श्रीमती द्रोपदी देवी जाजू सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज में बालिका शिक्षा के अंतर्गत भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री भगवती प्रसाद अग्रवाल, सदस्य श्री गौरी शंकर, प्रबंधक श्री संतोष कुमार माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष श्री दीपराज माहेश्वरी, मंत्री श्री विनयराज पन्नू, श्रीमती नीलम जाजू एवं श्रीमती अलका सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। मेले में विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं ने आहार एवं स्वास्थ्य सुरक्षा, जीवनशैली, प्रेरणा जागरण, ललित कला, कौशल विकास, परिवार शिक्षा, राष्ट्र एवं संस्कृति बोध तथा भारतीय इतिहास बोध जैसे विषयों पर आकर्षक चार्ट और क्रियाशील मॉडल प्रस्तुत किए। परिषद प्रमुख आचार्यों के मार्गदर्शन में तैयार की गई प्रदर्शनी ने अतिथियों का मन मोह लिया। छात्राओं द्वारा बनाई गई हस्तनिर्मित सामग्री भी आकर्षण का केंद्र रही। इसके अतिरिक्त छात्राओं के मनोरंजन के लिए विद्यालय परिसर के बाहर चाट-पकौड़े के ठेलों की व्यवस्था की गई, जिसका छात्राओं ने खूब आनंद लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. सोमवती शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गीता, मीनाक्षी, शालिनी, बबीता, कंचन, रमा, भावना सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

17 को रोजगार सेवकों का लखनऊ मे होगा प्रदर्शन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

कासगंज/सिढ़पुरा। उत्तर प्रदेश संविदा संघ के आह्वान पर आगामी 17 नवम्बर को लखनऊ में रोजगार सेवकों का धरना प्रदर्शन होगा। चार सूत्रीय मांगों को लेकर यह प्रदर्शन किया जाएगा, जो कि अनिश्चतकालीन रहेगा। धरना-प्रदर्शन में विकास खंड सिढ़पुरा के सभी ग्राम रोजगार सेवक सम्मिलित होंगे। इस संबंध में ग्राम रोजगार सेवकों ने ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर बीडीओ कुलदीप कुशवाहा को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया है। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष गौरव रतन, ब्लॉक अध्यक्ष पुनीत सोलंकी, प्रार्थना, रमेश कुमार, प्रभात, नन्द किशोर, ब्रह्मानन्द, सौरभ, नितिन कुमार, रोहित, उमाकांत, राजकुमार, बबलू, नवीन कुमार, बेबी कुमार सहित अन्य ग्राम रोजगार सेवक शामिल रहे।

डंफर की चपेट में आया युवक, गम्भीर

मोर्निंग सिटी संवाददाता

कासगंज। सोरों कोतवाली क्षेत्र में बरेली मथुरा मार्ग पर कछला गेट रेलवे फाटक के पास प्रातः आठ बजे एक युवक डंफर की चपेट में आकर घायल हो गया। घटनाक्रम के अनुसार सोनू पुत्र राम बहादुर निवासी लहरा रोड लहसुन मंडी में मजदूरी करने जा रहा था, सोनू जैसे ही कछला गेट रेलवे फाटक के पास पहुंचा, तभी कासगंज की ओर से जा रहे डंफर के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर भाग गया। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने उसे सोरों सीएचसी लाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

देवउठनी एकादशी पर गंगाजी का होगा दुग्धाभिषेक, निकलेगी पंचकोशीय परिक्रमा

मोर्निंग सिटी संवाददाता

कासगंज। तीर्थ नगरी सोरों में ब्राह्मण कल्याण सभा के बैनर तले देवउठनी एकादशी, देव दीपावली और मोक्षदा एकादशी पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर शनिवार को रेलवे रोड स्थित पंडित राम गोविंद महेरे के आवास पर संस्थापक अध्यक्ष पंडित शरद कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। इसमें सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 20 नवंबर को देवउठनी एकादशी पर सुबह आठ बजे हरि की पौड़ी स्थित श्री गंगाजी में 51 किलो दूध अर्पित कर दुग्धाभिषेक एवं पूजन किया जाएगा। इसके बाद देव पूजन और प्रसादी वितरण होगा। सुबह नौ बजे शूकरक्षेत्र धाम की पंचकोशीय परिक्रमा प्रारंभ की जाएगी। वहीं, 24 नवंबर को देव दीपावली पर शाम पांच बजे हरि की पौड़ी स्थित गंगा तट पर दीपोत्सव होगा। शाम साढ़े पांच बजे भगवान श्रीवराह विश्राम घाट पर दीप प्रज्वलन एवं आरती की जाएगी। नगर के अन्य प्रमुख घाटों पर भी भव्य दीपोत्सव के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा 20 दिसंबर को मोक्षदा एकादशी पर प्रस्तावित महापंचकोशीय परिक्रमा को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार और जनसहभागिता पर चर्चा की गई। बैठक में रामभजन तिवारी, नरेश बरबारिया, सौरभ उपाध्याय, राहुल शर्मा, जयप्रकाश त्रिवेदी, धनदीप दघिर्रा सहित पंडित राम गोविंद महेरे, सोमदत्त पाठक, अर्जुन मिश्रा, शशांक दीक्षित, अभिषेक चतुर्वेदी, हरिओम पचैरी और शिव बैदैल आदि मौजूद रहे।

घरों में चोरों का धावा, चार घरों में लाखों की चोरी

मोर्निंग सिटी संवाददाता

कासगंज। गंजडुंडवारा कोतवाली क्षेत्र के नगला पटवारियान गांव में चोरों ने बीती रात चार घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घरों से करीब 11 लाख रुपये की नकदी और 21 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। सूचना पर पटियाली सीओ अमित कुमार और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चमन कुमार गोस्वामी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी नन्हेंलाल की 19 वर्षीय पुत्री भावना की शुक्रवार को आगरा के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। रात आठ बजे परिजन शव लेकर गांव पहुंचे। शोक जताने के लिए ग्रामीण और रिश्तेदार एकत्रित हो गए। इसी दौरान घरों में ताले लगे होने का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। चोर नन्हेंलाल के घर से पांच लाख रुपये नकद और 15 लाख के जेवर, जबकि खेतपाल के घर से 65 हजार रुपये नकद और छह लाख के आभूषण चोरी कर ले गए। सोमवीर के घर में बक्सा खुला मिला, लेकिन कोई सामान चोरी नहीं हुआ। महेश के घर का ताला भी टूटा मिला। उनका परिवार दिल्ली में रहता है, इसलिए चोरी गए सामान का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

बाल दिवस पर शिक्षा ज्योति फाउंडेशन ने कराया खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

मोर्निंग सिटी संवाददाता



कासगंज। शिक्षा ज्योति फाउंडेशन संस्था की ओर से बाल दिवस के उपलक्ष्य में नदरई गेट स्थित चाप की छाप होटल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था से जुड़े जरूरतमंद बच्चों के लिए विभिन्न इंडोर गेम प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनीता उपाध्याय रहीं। उन्होंने आयोजनकताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों की शैक्षिक प्रगति के साथ-साथ उनके शारीरिक और मानसिक विकास में भी सहायक होते हैं। उन्होंने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्था की संस्थापक सदस्य एवं अध्यक्ष कमल सेठ ने प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी बच्चों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया। संस्था की पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया। इस दौरान मुख्य अतिथि को सम्मानित किया गया। वहीं, बच्चों को कोचिंग देने वाली शिक्षिकाओं गौरी बिरला, भूमिका, सीमा और रतिका को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिल्पी जैन, सीमा जैन, नीतू गुप्ता, रेखा सोनी, दिनिशा गोयल, मीनाक्षी, रीता अग्रवाल, संगीता, नीलू, उषा, कविता, अंजलि पल्तानी, सीमा गर्ग, निधि गुप्ता, नीलम, अंजू माहेश्वरी, बरखा जाजू, रिया जैन, मोनिका, छाया, भावना गुप्ता, रेनू सोन, गरिमा अग्रवाल सहित संस्था की अन्य सदस्याएं मौजूद रहीं।

जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिवार में मचा कोहराम

मोर्निंग सिटी संवाददाता



कासगंज। जिला कारागार में बंद हिस्ट्रीशीटर की शनिवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जेल प्रशासन की सूचना पर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे, जहां मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान राजकुमार उर्फ भालू (निवासी गांव गोंडा, थाना पटियाली) के रूप में हुई है।

बताया गया कि करीब एक माह पूर्व थाना सिढ़पुरा पुलिस ने राजकुमार को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेजा था।

शुक्रवार को उसकी पत्नी श्यामा देवी परिजनों के साथ जिला कारागार में उससे मुलाकात करने पहुंची थी। शनिवार सुबह करीब आठ बजे जेल प्रशासन ने परिजनों को उसकी तबीयत खराब होने की सूचना दी।

इसके बाद उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी ओपी सिंह, सीओ सिटी आंचल चैहान और थाना प्रभारी जगदीश चंद्र राजपूत जिला अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। मृतक अपने पीछे पत्नी और चार बच्चों को छोड़ गया है।

एसएसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनीं फरियादियों की समस्याएं

मोर्निंग सिटी संवाददाता



लखीमपुर खीरी। थाना समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को कोतवाली सदर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने जनसमस्याएं सुनीं। इस दौरान थाने पहुंचे फरियादियों ने अपनी शिकायतें अधिकारियों के सामने रखीं। एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिए। एसएसपी ने कहा कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले प्रत्येक प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लिया जाए। शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस और संबंधित विभागों की संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर जांच कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और सभी मामलों का समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि फरियादियों की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनें और उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करें।

शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने पर भी जोर दिया। इस दौरान जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी अपने-अपने सर्किल के थानों पर मौजूद रहे। कोतवाली सदर समेत जिले के अन्य थानों में भी थाना समाधान दिवस आयोजित कर लोगों की शिकायतें सुनी गईं और उनके निस्तारण की कार्रवाई की गई।

नगर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक किया प्रतिभाग, गौवंश के संरक्षण एवं भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता का दिया संदेश

मोर्निंग सिटी संवाददाता



गोला गोकर्णनाथ। अठारहवें गोपाष्टमी महोत्सव के अंतर्गत आयोजित हो रहे विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में तीसरे दिन श्री धमार्दा समिति गौशाला में गोला टूरिज्म संगठन (श्री गोकर्ण फाउंडेशन द्वारा संचालित) के तत्वावधान में गौ ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए गौवंश, भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं गौसंरक्षण से जुड़े अपने ज्ञान और समझ का परिचय दिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति में गौमाता के महत्व, गौवंश के संरक्षण, संवर्धन एवं सेवा के प्रति जागरूक करना तथा नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत से जोड़ना रहा। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को गौमाता के धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं पारंपरिक महत्व से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों से परिचित होने का अवसर मिला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं जिज्ञासा के साथ सहभागिता की। प्रतियोगिता के प्रश्नों के माध्यम से गौमाता के भारतीय जनजीवन में स्थान, प्राचीन भारतीय परंपराओं, गौशालाओं की भूमिका, गौसेवा तथा गौवंश के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। इस प्रकार की ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान के साथ-साथ अपनी संस्कृति, परंपराओं एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक सिद्ध होती हैं। इस अवसर पर गोला टूरिज्म संगठन के अध्यक्ष श्री विनायक श्रीवास्तव, सचिव इं. मिलिंद शुक्ल, प्रबंधक श्री प्रेम गुप्ता, संगठन मीडिया समन्वयक एवं प्रभारी श्री विशेष दीक्षित तथा क्रिएटर्स क्लब के सदस्य श्री विपिन राज की विशिष्ट उपस्थिति रही। उपस्थित पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गौमाता का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। गौवंश का संरक्षण केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पर्यावरण एवं सामाजिक जीवन से भी जुड़ा हुआ है। इसलिए आवश्यक है कि बाल्यावस्था से ही विद्यार्थियों को इन विषयों के प्रति जागरूक किया जाए। इस अवसर पर नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल 'रिंकू' ने कहा कि गोपाष्टमी महोत्सव जैसे आयोजन समाज को अपनी परंपराओं से जोड़ने के साथ-साथ नई पीढ़ी में सेवा, संवेदना एवं संरक्षण की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। गोला टूरिज्म संगठन निरंतर बड़े स्तर पर इतिहास, संस्कृति, कला, पर्यटन एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े विषयों पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नगर की सांस्कृतिक पहचान को आगे बढ़ाने का का कर रहा है। गौ ज्ञान प्रतियोगिता भी इसी उद्देश्य की एक सार्थक पहल है। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि अपनी सांस्कृतिक विरासत को जानना, समझना और उसका संरक्षण करना प्रत्येक पीढ़ी का दायित्व है। गोपाष्टमी महोत्सव के अंतर्गत आयोजित इस प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को ज्ञानार्जन के साथ-साथ भारतीय परंपराओं के प्रति अपनी समझ को और अधिक विकसित करने का अवसर प्रदान किया।

गोला के कृषक समाज इंटर कॉलेज में बाल मेले का उद्घाटन: पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने फीता काटा; विद्यार्थियों ने खानपान, आर्ट और क्राफ्ट के स्टॉल लगाए

मोर्निंग सिटी संवाददाता





गोला गोकर्णनाथ के कृषक समाज इटर कालेज, मे 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया गया। इस मौके पर बाल मेले का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने खानपान, आर्ट और क्राफ्ट के स्टॉल लगाए। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना सभा में पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र का आनावरण और माल्यापण करके की। विद्यार्थियों ने गीत, कविता और भाषण पेश किए। हिंदी प्रवक्ता ओम प्रकाश यादव ने नेहरू के जीवन और काम के बारे में बताया। प्रज्ञा रश्मि ने बच्चों को बताया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू को चाचा नेहरू क्यों कहा जाता है। इसके बाद रवि प्रकाश वर्मा ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। विद्यार्थियों ने अपने स्टॉल खद चलाए। मेले में खानपान और कला एवं हस्तशिल्प की वस्तुओं के स्टॉल लगाए गए। रवि प्रकाश वर्मा ने कहा कि बाल मेले का मकसद बच्चों की प्रतिभा को बढ़ावा देना और उनके विकास के लिए आनंदमय माहौल देना है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे देवेंद्र सिंह ने कहा कि नेहरू ने स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका निभाई और स्वतंत्र भारत की लोकतांत्रिक नींव, औद्योगिक विकास और वैश्विक पहचान मजबूत करने में योगदान दिया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के उपमंत्री विनोद चंद्र मिश्रा, मयंक दीप नयन, उपप्रधानाचार्य लखपति भारती, डॉ. अनिल कुमार, शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे। मेले के आयोजन में शिक्षक मनीष राज सिंह, अनिल कुमार वर्मा, जितेंद्र कुमार, आरती गप्ता और पनम वर्मा ने योगदान दिया।

भाजपा जिला बैठक में मतदाता अभियान पर जोर, विधानसभा प्रभारी घोषित

मोर्निंग सिटी संवाददाता



लखीमपुर खीरी। भाजपा जिला कार्यालय पर जिला बैठक हुई। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी व विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक रहे, अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने की। बैठक में मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रदेश में 36 साल बाद किसी दल की सरकार दोबारा बनी तो वह भाजपा की योगी सरकार थी। कार्यकताओं से पार्टी के कार्यों को जनता तक पहुंचाने और सुख-दुख में भागीदार बनने का आह्वान किया। उन्होंने छूटे हुए युवाओं और महिलाओं को मतदाता बनाने पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने बताया कि विशेष मतदाता अभियान 21-22 नवंबर को पूरे जिले में चलाया जाएगा। बैठक में विधानसभा प्रभारियों की घोषणा भी हुई।


विधानसभा प्रभारी:
कस्ता - अजय गुप्ता
गोला - राहुल जायसवाल
धौरहरा - विष्णु मौर्य
निघासन - लोकेश मिश्रा
लखीमपुर - रमाकांत मिश्रा
मोहम्मदी - अभय शंकर शुक्ला

बैठक में विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, मंजू त्यागी, अमन गिरी, विनोद शंकर अवस्थी, सौरभ सिंह सोनू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

तीन मासूमों की हत्या की सूचना से मचा हड़कंप, मौके पर पहुंची पुलिस तो सुरक्षित मिलीं बच्चियां

डायल 112 पर राहुल ने दी थी तीन बच्चियों की हत्या की सूचना, थाना प्रभारी सुनीत शर्मा ने तत्काल लिया संज्ञान; जांच में नहीं मिली कोई वारदात

मोर्निंग सिटी संवाददाता



आगरा। थाना डौकी क्षेत्र के पावसर गांव में शुक्रवार को तीन मासूम बच्चियों की हत्या की सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। डायल 112 पर राहुल नाम के युवक ने फोन कर तीन बच्चियों की हत्या किए जाने की सूचना दी। एक साथ तीन मासूमों की हत्या की खबर मिलते ही पुलिस तत्काल सक्रिय हो गई। थाना प्रभारी सुनीत शर्मा ने सूचना का संज्ञान लेते हुए पुलिस टीम को मौके पर भेजा और लोकेशन पर पहुंचकर मामले की जानकारी कराई। जांच में तीनों बच्चियां सुरक्षित मिलीं और हत्या जैसी कोई घटना सामने नहीं आई। सूचना के मुताबिक, युवक ने जिस स्थान पर तीन बच्चियों की हत्या होने की बात बताई थी, पुलिस वहां पहुंची तो घर में तीनों बच्चियां जीवित और सुरक्षित मिलीं। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर पूरी स्थिति का सत्यापन किया। इसके बाद हत्या की सूचना फर्जी निकली। थाना प्रभारी सुनीत शर्मा ने बताया कि सूचना देने वाले राहुल और उसके भाई पीलिया से पीड़ित थे। युवक के एक भाई की अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। उन्होंने बताया कि राहुल पहले भी फोन पर कभी-कभी इस तरह की बातें करता था। शुक्रवार को भी उसने इसी तरह डायल 112 पर फोन कर तीन बच्चियों की हत्या की सूचना दे दी, जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी के मुताबिक, डायल 112 से सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई की गई और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। वहां सब कुछ सामान्य मिला और किसी तरह की घटना नहीं हुई थी। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से सूचना की सच्चाई सामने आ गई।

ताजमहल की सुरक्षा में हाईटेक निगरानी पर जोर, एंटी ड्रोन सिस्टम और स्कैनर की होगी जांच



मोर्निंग सिटी संवाददाता

आगरा। विश्व प्रसिद्ध ताजमहल की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए जिला प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सुरक्षा एवं खुफिया एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ताजमहल परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद कमियों को चिह्नित करने के साथ आधुनिक तकनीक और निगरानी तंत्र को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा महानिदेशक (डीजी) अमरेन्द्र कुमार सैंगर, इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) की अपर निदेशक विनीता शर्मा और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के पुलिस महानिरीक्षक नवज्योति गोगोई मौजूद रहे।

अधिकारियों ने ताजमहल परिसर और उसके आसपास की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। सुरक्षा उपकरणों की कार्यक्षमता, निगरानी व्यवस्था और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती से संबंधित बिंदुओं पर जानकारी ली गई। निरीक्षण के बाद सर्किट हाउस में स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें ताजमहल की मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में निगरानी तंत्र, ड्रोन से संभावित खतरों की रोकथाम और तकनीकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष चर्चा हुई। अधिकारियों ने सर्विलांस व्यवस्था, एंटी ड्रोन प्रणाली, सीसीटीवी कैमरों और स्कैनर की क्रियाशीलता की समीक्षा की। ताजमहल परिसर के उन स्थानों को भी चिह्नित करने पर जोर दिया गया, जहां कैमरों की निगरानी नहीं पहुंच पाती है। ऐसे ब्लाइंड स्पॉट पर अतिरिक्त कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए, ताकि परिसर के प्रत्येक संवेदनशील हिस्से पर प्रभावी नजर रखी जा सके।

बैठक में एकीकृत नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था को प्रभावी बनाने पर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही पार्किंग व्यवस्था, बंदरों की समस्या और सुरक्षा कर्मियों की पर्याप्त तैनाती को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने सुरक्षा में लगे कर्मचारियों के प्रशिक्षण को भी महत्वपूर्ण बताया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और समन्वित कार्रवाई की जा सके। ताजमहल परिसर में कार्यरत निजी एवं संविदा कर्मचारियों के सत्यापन और सुरक्षा ऑडिट का मुद्दा भी बैठक में प्रमुखता से उठा। अधिकारियों ने सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं की नियमित जांच और कमियों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इसके अलावा ताजमहल में पर्यटकों को सेवाएं देने वाले गाइडों के लिए अलग-अलग रंग के पहचान पत्र जारी करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए

एक्सप्रेसवे पर ट्रक में घुसा मिनी ट्रैवलर, दो की मौत, 11 घायल

मोर्निंग सिटी संवाददाता



आगरा। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शनिवार तड़के तेज रफ्तार मिनी ट्रैवलर आगे चल रहे ट्रक में जा घुसा। हादसे में मिनी ट्रैवलर में सवार चालक समेत 13 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए एसएन मेडिकल कॉलेज भेजा। यहां चिकित्सकों ने दो यात्रियों को मृत घोषित कर दिया, जबकि 11 घायलों का उपचार जारी है। हादसा थाना फतेहाबाद क्षेत्र में शनिवार सुबह करीब चार बजे हुआ। मिनी ट्रैवलर सवार यात्री अयोध्या में दर्शन करने के बाद आगरा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान वाहन आगे चल रहे ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि मिनी ट्रैवलर में सवार लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहत एवं बचाव कार्य कर घायलों को अस्पताल भिजवाया। एसीपी फतेहाबाद इमरान अहमद के मुताबिक, दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को एक्सप्रेसवे से हटवा दिया गया है। फिलहाल यातायात सामान्य रूप से संचालित हो रहा है।

खनन माफिया के गुर्गों ने नायब तहसीलदार को ट्रैक्टर से कुचलने का किया प्रयास

मोर्निंग सिटी संवाददाता

आगरा। बाह थाना क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची राजस्व टीम पर दबंगई दिखाने का मामला सामने आया है। विक्रमपुर मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्रॉली रोकने का प्रयास करने पर कथित खनन माफिया के गुर्गों ने नायब तहसीलदार के साथ अभद्रता की। आरोप है कि आरोपितों ने ट्रैक्टर से उन्हें कुचलने का प्रयास किया और सरकारी वाहन में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सरकारी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि नायब तहसीलदार बाल-बाल बच गए। जानकारी के मुताबिक, एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार सुधीर गिरी अवैध खनन की जांच के लिए विक्रमपुर मार्ग पर पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि ट्रैक्टर चालक और उसके साथ मौजूद लोगों ने रुकने के बजाय दबंगई दिखाई और सरकारी वाहन को टक्कर मार दी। घटना के बाद आरोपित ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मौके से फरार हो गए। मामले में नायब तहसीलदार सुधीर गिरी की तहरीर पर बाह थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। फरार ट्रैक्टर-ट्रॉली की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकारी अधिकारी पर हमले के प्रयास की इस घटना ने अवैध खनन में लगे लोगों के दुस्साहस और प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान अधिकारियों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

फाउंड्री नगर में ट्रक में लगी आग, इलाके में मची अफरा-तफरी

अज्ञात कारणों से धू-धू कर जलने लगा ट्रक, सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

मोर्निंग सिटी संवाददाता



आगरा। ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र के फाउंड्री नगर में बीज गोदाम के पास एक ट्रक में अचानक आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक से उठती आग की लपटें देखकर आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। जानकारी के मुताबिक, फाउंड्री नगर स्थित बीज गोदाम के पास ट्रक में अज्ञात कारणों से आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचीं दमकल की गाड़ियों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि दमकल की टीम ने समय रहते मौके पर पहुंचकर आग बुझा दी। फिलहाल ट्रक में आग लगने के कारणों की जानकारी सामने नहीं आई है।

सरस्वती देवी पब्लिक स्कूल में बाल मेले का आयोजन, बच्चों ने लगाए 14 स्टॉल

मोर्निंग सिटी संवाददाता



आगरा। बाल दिवस के अवसर पर 14 नवंबर 2026 को नगला यदी स्थित सरस्वती देवी पब्लिक स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में विद्यालय के बच्चों ने 14 स्टॉल लगाकर अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। बाल मेले में विभिन्न स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहीं। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में वंश कुशवाह ने प्रथम, कशिश शाक्य ने द्वितीय और नवीन कुशवाह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को उनके प्रदर्शन के लिए सराहा गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक तुलाराम कुशवाह और प्रधानाचार्या सरिता कुशवाह की उपस्थिति रही। इसके अलावा शिक्षिकाओं में मही गुंजन कुशवाह, भोगिता शर्मा, राशि शर्मा, भावना शर्मा, स्वारी शमी, निशा शर्मा, राखी दिवाकर, अंजली शर्मा, भूमि दिवाकर, निधि सिंह, बबिता सिंह, नेहा कुशवाह और मंजू राजपूत सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और आपसी सहयोग की भावना विकसित करना रहा। बाल मेले में बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों को लेकर 19 नवंबर को आगरा में जुटेंगे 21 जिलों के अधिकारी, चुनाव आयोग करेगा समीक्षा

आगरा। उत्तर प्रदेश विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। आगामी 19 नवंबर को आगरा में भारत निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक प्रस्तावित है। बैठक में आगरा समेत प्रदेश के 21 जिलों के प्रशासनिक एवं निर्वाचन अधिकारियों के साथ चुनावी तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। इसे लेकर शनिवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने होटल आईटीसी मुगल पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रस्तावित बैठक में आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, झांसी, जालौन, ललितपुर, कानपुर नगर, कानपुर देहात, इटावा, फरुर्खाबाद, कन्नौज, औरैया, बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर जनपदों के अधिकारी शामिल होंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य विधानसभा चुनाव-2027 को निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने के लिए अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा करना है।

ताजमहल मेट्रो स्टेशन पर आतंकी हमले की मॉक ड्रिल, दो संदिग्ध गिरफ्तार



मोर्निंग सिटी संवाददाता

आगरा। ताजमहल मेट्रो स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था परखने के लिए आतंकी हमले की मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इसमें दो संदिग्धों ने हथियार छिपाकर एएफसी एग्जिट गेट से स्टेशन में प्रवेश करने का प्रयास किया। हालांकि, सुरक्षा गार्ड की सतर्कता के चलते दोनों स्टेशन के अंदर दाखिल नहीं हो सके। इसके बाद संदिग्धों ने लिफ्ट के पास मशीन रूम और इमरजेंसी गेट में छिपने की कोशिश की। सूचना मिलते ही एसएसएफ और क्यूआरटी की टीमों ने मोर्चा संभाल लिया। दोनों टीमों ने संयुक्त ऑपरेशन चलाकर कड़ी मशक्कत के बाद दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। मॉक ड्रिल के दौरान उनके पास से दो पिस्टल, 35 कारतूस, टैक्टिकल टॉर्च और स्टेशन का नक्शा बरामद किया गया। इस अभ्यास में करीब 85 सुरक्षा अधिकारियों और जवानों ने हिस्सा लिया। मॉक ड्रिल के जरिए मेट्रो स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था, सुरक्षा कर्मियों की सतर्कता और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की क्षमता को परखा गया। अभ्यास पूरा होने के बाद दोनों संदिग्धों को अग्रिम कार्रवाई के लिए स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

टूंडला के छिकाऊ और सलेमपुर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का सहयोगात्मक भ्रमण, स्वास्थ्य सेवाओं की हुई समीक्षा

मोर्निंग सिटी संवाददाता



फिरोजाबाद। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 14 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टूंडला के चिकित्सा अधीक्षक के निर्देशन में ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक (BPM) एवं ब्लॉक सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक (BCPM) द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर छिकाऊ और सलेमपुर का सहयोगात्मक भ्रमण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्रों पर साफ-सफाई, दवाओं, चिकित्सा उपकरणों, रजिस्टरों और स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। साथ ही ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन, आयुष्मान कार्ड निर्माण, मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की जांच, गर्भवती महिलाओं की देखभाल और बच्चों के टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (CHO) को स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने, अभिलेखों को अपडेट रखने तथा आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। भ्रमण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना रहा।

कृष्णा पब्लिक स्कूल के चिल्ड्रंस फन फेयर में बच्चों ने मचाई धूम

मोर्निंग सिटी संवाददाता



फिरोजाबाद। बाल दिवस के अवसर पर कृष्णा पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में चिल्ड्रंस फन फेयर-2026 का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। मेले में बच्चों ने खेलकूद, मनोरंजन और स्वादिष्ट व्यंजनों का जमकर आनंद लिया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डायरेक्टर विनोद कुमार शर्मा रहे। मैनेजर आर्चिका अग्रवाल और प्रधानाचार्या शालिनी अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। जिला ओलंपिक संघ के चेयरमैन प्रदीप भारद्वाज की उपस्थिति भी रही। मेले में बिंदी लगाओ, रिंग गेम, गेस द वेट, स्पिन द व्हील, चॉपस्टिक गेम सहित विभिन्न मनोरंजक खेलों के स्टॉल लगाए गए। वहीं सैंडविच, पेस्ट्री, समोसा चाट, पानीपुरी, भेलपुरी और अन्य व्यंजनों के स्टॉल बच्चों के आकर्षण का केंद्र रहे। इसके अलावा झूले, ट्रेन राइड, ट्रैम्पोलिन और मिकी माउस ने बच्चों का खूब मनोरंजन किया। मुख्य अतिथि विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ खेल और रचनात्मक गतिविधियां भी जरूरी हैं।

पालीवाल पार्क की चढ़ाई पर बेकाबू हुई यात्रियों से भरी बस, पीछे लुढ़ककर दीवार से टकराई; मची चीख-पुकार

मेरठ से 30-35 यात्रियों को लेकर आगरा आई थी निजी बस, दो से तीन महिलाओं के घायल होने की सूचना, आखिर पालीवाल पार्क में बड़े वाहनों की एंट्री कैसे हो रही थी? किसकी अनुमति से पार्क के भीतर पहुंच रही हैं भारी बसें?

मोर्निंग सिटी संवाददाता








आगरा। थाना हरीपर्वत क्षेत्र के पालीवाल पार्क में शनिवार शाम बड़ा हादसा होते-होते बच गया। मेरठ से यात्रियों को लेकर आगरा आई एक निजी बस पार्क की चढ़ाई पर चढ़ते समय अचानक अनियंत्रित हो गई। चढ़ाई पर आगे बढ़ने के बजाय बस पीछे की ओर लौटने लगी। चालक ने बस को संभालने का प्रयास किया, लेकिन बस बेकाबू होकर पीछे की तरफ लुढ़कती हुई पार्क की दीवार से जा टकराई। अचानक हुए इस हादसे से बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। जानकारी के मुताबिक, बस जीवनी मंडी की ओर से यात्रियों को लेकर पालीवाल पार्क होते हुए जा रही थी। पार्क की चढ़ाई पर पहुंचते ही बस आगे बढ़ने के बजाय पीछे की ओर खिसकने लगी। बताया जा रहा है कि बस के ब्रेक नहीं लगने के कारण यह स्थिति बनी। हालांकि, बस के अनियंत्रित होने की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है। इसकी जानकारी जांच के बाद ही सामने आ सकेगी। हादसे के समय बस में करीब 30 से 35 यात्री सवार थे। अचानक बस के पीछे की ओर दौड़ने और दीवार से टकराने पर यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। बस के अंदर बैठे लोग घबरा गए और अपनी जान बचाने के लिए बाहर निकलने की कोशिश करने लगे। टक्कर की आवाज और यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बस से यात्रियों को बाहर निकालने में मदद की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हादसे में दो से तीन महिलाओं के घायल होने की सूचना है। बस की चपेट में आने से आसपास से गुजर रहे राहगीर और अन्य लोग बाल-बाल बच गए। गनीमत रही कि बस किसी दूसरे वाहन या राहगीर से नहीं टकराई, अन्यथा हादसा और भी गंभीर हो सकता था। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और यात्रियों में काफी देर तक दहशत का माहौल रहा।

आखिर पार्क में कैसे पहुंची यात्रियों से भरी बस?

इस घटना ने यातायात व्यवस्था और पालीवाल पार्क में बड़े वाहनों के प्रवेश को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर पालीवाल पार्क जैसे सार्वजनिक स्थल पर 30 से 35 यात्रियों से भरी निजी बस की एंट्री कैसे हो रही थी? क्या इस मार्ग पर भारी वाहनों के प्रवेश की अनुमति है? यदि बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है तो बस को पार्क के भीतर तक पहुंचने से किसने नहीं रोका? क्या संबंधित विभाग और यातायात पुलिस को इस तरह के बड़े वाहनों की आवाजाही की जानकारी नहीं है? पार्क की चढ़ाई पर भारी बसों के संचालन को लेकर कोई नियम और निगरानी व्यवस्था लागू है या नहीं? हादसे के बाद अब संबंधित विभागों की जिम्मेदारी पर सवाल उठ रहे हैं। आखिर किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है या पार्क में भारी वाहनों के प्रवेश और संचालन पर समय रहते रोक लगाने के लिए जिम्मेदार अधिकारी कोई ठोस कदम उठाएंगे?

दिल्ली से छतरपुर जा रही थी बस, शॉर्ट सर्किट से लगी आग; पुलिस और दमकल टीम ने सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला



मोर्निंग सिटी संवाददाता

मथुरा। यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार को चलती बस में अचानक आग लगने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। बस में आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम सक्रिय हो गई। पेट्रोलिंग वाहन और पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर बस में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। दमकल की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, शनिवार 14 नवंबर 2026 को दिल्ली से छतरपुर की ओर जा रही एक बस यमुना एक्सप्रेसवे पर राया थाना क्षेत्र में माइलस्टोन 110 के पास पहुंची थी। इसी दौरान बस में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। देखते ही देखते बस से धुआं और आग की लपटें उठने लगीं। घटना से बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। बस में आग लगने की सूचना मिलते ही एक्सप्रेसवे पर तैनात पेट्रोलिंग वाहन और अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए। पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से बस में मौजूद सभी यात्रियों को सकुशल बाहर निकाल लिया। इसके बाद मांट टोल की दमकल गाड़ी और मथुरा से पहुंची दमकल की दूसरी गाड़ी ने आग बुझाने का कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। क्षेत्राधिकारी मांट अमरनाथ यादव ने बताया कि बस में आग लगने की सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया था। दमकल की टीमों ने आग पर काबू पा लिया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।



प्रलयः रणवीर की फिल्म की शूटिंग पर उठे सवाल

रणवीर सिंह अपकमिंग फिल्म 'प्रलय' की शूटिंग को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि उनकी फिल्म की शूटिंग पर विवाद हो रहा है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने महाराष्ट्र खेल विभाग की तरफ से फिल्म की शूटिंग के लिए मुंबई के आजाद मैदान को इस्तेमाल करने की अनुमति दिए जाने पर आपत्ति जताई है। एसोसिएशन ने अधिकारियों पर आरोप लगाया है कि वे इस खेल मैदान का व्यावसायिक इस्तेमाल कर रहे हैं। इस शूटिंग की वजह से अंडर-14 और अंडर-16 इंटर-स्कूल मैचों को टालना पड़ा।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एमसीए ने खेल विभाग के उप-निदेशक को पत्र लिखकर पूछा है कि व्यावसायिक अनुमति देने से पहले एसोसिएशन से सलाह क्यों नहीं ली गई। एमसीए एपेक्स काउंसिल के सदस्य नदीम मेमन ने बताया कि खेल विभाग युवा खिलाड़ियों की जरूरतों के बजाय व्यावसायिक बुकिंग को ज्यादा अहमियत दे रहा है।

मैदान पर अतिक्रमण का इल्जाम

मेमन ने कहा, 'आजाद मैदान का एक बड़ा हिस्सा पहले ही मेट्रो के निर्माण कार्य के लिए दे दिया गया था, मगर कई बार याद दिलाने के बावजूद ठेकेदारों ने अभी तक वह जगह खाली नहीं की है। मुंबई पुलिस भी अपनी मूल जगह पर वापस जाने के बजाय अभी भी मैदान पर कब्जा जमाए हुए है। अब यहां फिल्मों की शूटिंग की भी अनुमति दी जा रही है।'


मेमन ने उठाए सवाल

मेमन ने बताया कि फिल्म 'प्रलय' की शूटिंग के लिए मैदान पर बड़े-बड़े सेट लगाए गए और खेलने वाली सतह पर कृत्रिम घास बिछा दी गई। आजाद मैदान ट्रेनिंग ग्राउंड है, न कि कोई व्यावसायिक जगह। धार्मिक आयोजनों, राजनीतिक रैलियों, मैराथन और प्रदर्शनियों की वजह से पहले भी यहां खेल गतिविधियों में रुकावटें आई हैं। मेमन ने सवाल उठाया कि युवा टूर्नामेंटों में आने वाली रुकावटों की जिम्मेदारी कौन लेगा? एमसीए ने अपने आधिकारिक पत्र में खेल विभाग से आग्रह किया है कि वे पहले से तय खेल आयोजनों को प्राथमिकता दें। एसोसिएशन ने जोर देकर कहा कि उनके अंडर-14 और अंडर-16 टूर्नामेंट काफी पहले से तय कर लिए जाते हैं और ये राज्य में क्रिकेट के विकास तंत्र का एक अहम हिस्सा हैं।

राज्य सरकार ने प्रोडक्शन हाउस 'लाइट रेज' को आजाद मैदान में 5000 वर्ग गज सरकारी जमीन का छह घंटे तक इस्तेमाल करने की अनुमति दी है। इसके लिए 40000 रुपये का किराया और 40000 रुपये की रिफंडेबल सिक्योरिटी डिपॉजिट (सुरक्षा राशि) ली गई है। इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए, खेल उप निदेशक नवनाथ फर्टाडे ने कहा एक सरकारी प्रस्ताव (लक्ष) के तहत विभाग को यह अधिकार है कि वह साल में 30 दिनों तक आजाद मैदान को खेल-कूद के अलावा अन्य गतिविधियों के लिए आवंटित कर सकता है।

क्या बोले निर्माता

'प्रलय' के निर्माता हंसल मेहता ने बताया कि शूटिंग शुरू करने से पहले उनकी प्रोडक्शन टीम ने संबंधित अधिकारियों से सभी जरूरी अनुमतियां ले ली थीं।





फिल्म 'लड़ाकू' से बतौर प्रोड्यूसर अपनी नई पारी शुरू कर रहे हैं कार्तिक आर्यन

नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले कार्तिक आर्यन और कबीर खान की जोड़ी एक बार फिर साथ आ रही है। दोनों की अगली फिल्म का नाम और रिलीज डेट सामने आ गई है। बता दें कि फिल्म का नाम 'लड़ाकू' है। मेकर्स ने इसे एक ऐसी फिल्म बताया है, जो दर्शकों को भावुक करने के साथ प्रेरित भी करेगी। खास बात यह है कि इस फिल्म के साथ कार्तिक आर्यन बतौर प्रोडयूसर भी अपनी नई पारी शुरू कर रहे हैं।

बुधवार को बिरला स्टूडियोज ने फिल्म 'लड़ाकू' की रिलीज डेट का ऐलान किया। यह फिल्म 18 जून, 2027 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को बिरला स्टूडियोज और कबीर खान एंटरटेनमेंट प्रोड्यूस कर रहे हैं। वहीं, डोपामिन स्टूडियोज के जरिए कार्तिक आर्यन भी बतौर निर्माता इस फिल्म से जुड़ रहे हैं। मेकर्स के मुताबिक, 'लड़ाकू' एक सच्ची घटना पर आधारित असाधारण कहानी है, जिसमें महत्वाकांक्षा, हिम्मत और उम्मीद की झलक देखने को मिलेगी। इसे एक फैमिली एंटरटेनर बताया जा रहा है। फिलहाल फिल्म की कहानी, बाकी कलाकारों और क्रू से जुड़ी जानकारी सामने नहीं आई है।

'चंदू चैंपियन' में कर चुके हैं साथ काम

बता दें कि कार्तिक आर्यन और कबीर खान इससे पहले साल 2024 में आई स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'चंदू चैंपियन' में साथ काम कर चुके हैं। यह फिल्म भारत के पहले पैरालंपिक मेडलिस्ट मुरलीकांत पेटकर की जिंदगी पर आधारित थी। फिल्म को क्रिटिक्स की खूब तारीफ मिली थी। कई लोगों ने इसे कार्तिक के करियर की अब तक की बेहतरीन परफॉर्मेंस भी बताया था। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म को खास सफलता नहीं मिली। करीब 80 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने सिनेमाघरों में लगभग 88 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। बाद में ओटीटी पर रिलीज होने के बाद इसे दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला और यह फैंस की पसंदीदा फिल्मों में शामिल हो गई।



बॉलीवुड एक्ट्रेस राइमा सेन ने महल छोड़कर चुनी फिल्मों की दुनिया

फिल्म दुनिया में अपनी पहचान बनाना हर किसी के लिए आसान नहीं होता है, लेकिन जब कोई शाही परिवार से ताल्लुक रखने के बावजूद अभिनय की राह चुनता है, तो उनकी कहानी और भी ज्यादा दिलचस्प हो जाती है। अभिनेत्री राइमा सेन भी शाही परिवार से आती हैं, जिनका नाता राजघराने से रहा है। शाही परिवार से पली-बढ़ी राइमा ने ग्लैमर की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाने का फैसला किया। 7 नवंबर 1979 को मुंबई में जन्मी अभिनेत्री राइमा सेन शाही परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता भरत देव वर्मा त्रिपुरा के शाही परिवार के सदस्य हैं। उनकी दादी, इला देवी, कूच बिहार की राजकुमारी थीं और उनकी छोटी बहन गायत्री देवी जयपुर की महारानी थीं। वहीं, अभिनेत्री की मां मुनमुन सेन जानी-मानी अभिनेत्री हैं और उनकी नानी सुचित्रा सेन बंगाली सिनेमा की महान नायिका (महानायिका) मानी जाती थीं। घर में नानी और मां के अभिनय से जुड़े होने के कारण उन्हें अभिनय की दुनिया विरासत में मिली। उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 1999 में आई फिल्म 'गॉडमदर' से की थी, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया। इसके बाद वे फिल्म 'दमन' में नजर आईं। बंगाली सिनेमा में रितुपर्णो घोष की फिल्म 'चोखेर बाली' में ऐश्वर्या राय के साथ उनके काम की बहुत सराहना हुई थी। इसके अलावा वह प्रमुख बंगाली फिल्मों 'बैशे श्रावोन', 'नौका डूबी', 'हद मझारे' और 'माछ मिष्टी एंड मोर' में नजर आई थीं। उन्होंने साल 2005 में विद्या बालन के साथ फिल्म 'परिणीता' में काम किया, जिससे उन्हें हिंदी सिनेमा में भी बड़ी पहचान मिली। इस फिल्म में उन्होंने सैफ अली खान और विद्या बालन के साथ काम किया था। साल 2011 में अभिनेत्री 'बैशे श्रावोन' में नजर आई थीं। फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के साथ-साथ राइमा सेन के काम की भी सराहना हुई थी। उन्होंने 'द जापानी वाइफ', 'हनीमून ट्रेवल्स प्राइवेट लिमिटेड', 'द वैक्सीन वॉर' और 'मिस्ट्री चेज' जैसी फिल्मों में काम किया है। उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी काम किया है। उनकी प्रमुख वेब सीरीज में 'हैलो!', 'द लास्ट ओवर' और 'माई' शामिल हैं।

अभिनेता के तौर पर अलग तरह की दुनिया और किरदार करना हमेशा मजेदार होता है

अभिनेत्री अदिति राव हैदरी ने अपनी आगामी फिल्म 'पारिवारिक मनोरंजन' के रिलीज से पहले कहा है कि किसी फिल्म या किरदार का चुनाव करते समय वह अपने अंदर के बच्चे की बात सुनती हैं। फिल्म के प्रचार के दौरान मुंबई में अपने सह-कलाकार पंकज त्रिपाठी के साथ बातचीत में अदिति ने कहा कि उन्हें इस फिल्म की कहानी बेहद प्यारी लगी। उन्होंने कहा, मुझे यह एक साधारण जिंदगी से जुड़ी कहानी वाली फिल्म लगी। इसके साथ जुड़े लोग भी ऐसे थे, जिनके साथ काम करने का मौका मुझे आम तौर पर नहीं मिलता। यही सब बातें थीं, जिन्होंने मुझे यह फिल्म करने के लिए प्रेरित किया। अदिति ने कहा कि एक अभिनेता के तौर पर अलग तरह की दुनिया और किरदार में काम करना हमेशा मजेदार होता है। उन्होंने कहा, 'इस फिल्म में एक हल्कापन था, जो मुझे बहुत पसंद आया। मैं बस इसे करना चाहती थी। मैंने इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचा। मेरे भीतर एक उत्साह और सहज भावना थी। मैं अपने अंदर के बच्चे की सुनती हूं। अगर किसी चीज को लेकर मैं उत्साहित होती हूं, तो मेरे लिए उस सफर का महत्व सबसे ज्यादा होता है क्योंकि परिणाम मेरे हाथ में नहीं होता।' उन्होंने कहा, 'अगर यात्रा मजेदार हो, उसमें रोमांच हो, सीखने का अवसर हो और अच्छे लोग साथ हों, तो वही सबसे महत्वपूर्ण होता है। आखिरकार वही अनुभव आपके साथ हमेशा रहता है।'



आईपीएस अफसर किरदार निभाने के लिए खुद से ज्यादा निर्देशक को भरोसा था

निर्देशक राजकुमार पेरियासामी की आगामी पैन-इंडियन एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'ओम: चैप्टर 1- उधिराम : द ब्लड वुड' में अभिनेत्री साई पल्लवी आईपीएस अफसर के किरदार में नजर आएंगी। अभिनेत्री का कहना है कि इस किरदार को निभाने के लिए उनसे ज्यादा निर्देशक को उन पर ज्यादा भरोसा था। शुक्रवार को साईराम इंजीनियरिंग कॉलेज में हुए फिल्म के ग्रैंड ऑडियो लॉन्च इवेंट में हिस्सा लेते हुए साई पल्लवी ने कहा, 'राजकुमार पेरियासामी कमाल के निर्देशक हैं। मैंने उन्हें पिछली फिल्म में ही कह दिया था कि मैं उनकी अगली फिल्म का हिस्सा बनना चाहती हूं लेकिन उन्होंने मेरी बात को सीरियस लिया और यह फिल्म बनाई। मेरे पुलिसवाले रोल पर उन्हें मुझसे भी ज्यादा भरोसा था। स्टंट सीक्वेंस पर काम करने वाले सभी लोगों का शुक्रिया, उनके साथ काम करना एक शानदार अनुभव था। राजकुमार सर ने इस किरदार को कई परतों के साथ लिखा है। वो हर एक्ट्रेस के ड्रीम डायरेक्टर हैं, जिस तरह से वो महिलाओं के किरदार लिखते हैं, वो कमाल है।' अभिनेत्री ने बताया कि उनकी पिछली फिल्म 'अमरन' में उनके किरदार को पूरे समय 'ममूटी' कहकर पुकारा जाता था और अब उन्हें उसी मलयालम सुपरस्टार के साथ काम करने का मौका मिला है। उन्होंने कहा, 'पिछली फिल्म में ममूटी-ममूटी कहकर अब ममूटी सर के साथ। पता नहीं क्या मैंने इसे मैनिफेस्ट कर लिया था।' फिल्म 'ओम: चैप्टर 1 - उधिराम : द ब्लड वुड' में अभिनेत्री साई पल्लवी एक कड़क और शक्तिशाली पुलिस अधिकारी नित्या रेड्डी (आईपीएस/सीबीआई अधिकारी) की भूमिका निभा रही हैं। यह फिल्म लाल चंदन की अवैध तस्करी के इर्द-गिर्द घूमती है। नित्या रेड्डी इसी तस्करी के नेटवर्क की जांच करने के लिए 'ऑपरेशन ओम' के तहत मैदान में उतरती हैं। उनकी जांच के पीछे एक व्यक्तिगत नुकसान की वजह जुड़ी है, जो उन्हें न्याय पाने के लिए प्रेरित करती है।

'बेवफा सनम' में नील नितिन मुकेश के साथ काम कर बोलीं कशिका कपूर

अभिनेत्री कशिका कपूर सॉन्ग 'बेवफा से' में नील नितिन मुकेश के साथ नजर आ रही हैं। उनके साथ काम करने के अनुभव को शेयर करते हुए कशिका ने बताया कि वह कभी आपको यह एहसास नहीं होने देते कि आप किसी सीनियर अभिनेता के साथ काम कर रहे हैं। अभिनेत्री कशिका कपूर ने बातचीत में अभिनेता नील नितिन मुकेश के साथ काम करने के अनुभव को मजेदार बताते हुए कहा, 'किसी सीनियर एक्टर से आपको हमेशा कुछ न कुछ सीखने को मिलता है और नील को इंडस्ट्री में कई साल काम करने का काफी अनुभव है। यह एक शानदार सीखने वाला अनुभव था और हमने खूब मस्ती भी की। कभी ऐसा लगा ही नहीं कि मैं किसी इतने सीनियर एक्टर के साथ काम कर रही हूं।' अभिनेत्री ने बताया कि शूट होने से पहले उन्हें गाने के बारे में ज्यादा बातें नहीं बताई गई थी। उन्होंने कहा, 'नील नितिन मुकेश के आने से कुछ महीने पहले ही यह प्रोजेक्ट लॉक हो गया था, लेकिन हमें नहीं पता था कि यह गाना सच में बनेगा या इसका कॉन्सेप्ट क्या होगा। आखिर में जब नील नितिन मुकेश फाइनल हुए तो मेकर्स ने गाने की धुन को देखते हुए इसमें एक डांस नंबर जोड़ने का फैसला किया। हमने रिहर्सल शुरू की और सब कुछ काफी अच्छा हुआ। तभी कहानी भी तैयार हुई। कशिका कपूर ने बताया, 'मुझे उम्मीद थी कि गाना लोगों को पसंद आएगा, लेकिन जो रिस्पॉन्स मिल रहा है, वो कमाल का है। मुझे लगता है जेन जी इस कहानी से इसलिए जुड़ रहे है, क्योंकि हमारी जनरेशन में ऐसी चीजें काफी आम होती जा रही हैं। ओपन रिलेशनशिप और धोखा जैसी चीजें हम अपने आसपास देखते हैं और शायद यही वजह है कि दर्शक इस गाने से इतना जुड़ाव महसूस कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'लोगों ने हमारे गाने को खुले दिल से अपनाया है और इतना प्यार दिया है। मैं इस रिस्पॉन्स के लिए बहुत आभारी हूं।



स्वामी- सुशील कुमार सिंह, मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक- सुशील कुमार सिंह (मोबाइल न. 8077588101), एन 30, ऑफसेट रघुनाथपुर सेक्टर 22 नोएडा, गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश से छपवाकर हाउस नं. 52 ग्रीनवुड-2 सेक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित। (RNI No. UPHIN/2015/60949) (समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र गौतमबुद्धनगर होगा) प्रकाशिक सामग्री या विज्ञापन में संपादक / प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नही है। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्यवाही या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की सकती है। ई-मेल-noida.morningcity@gmail.com।